तापमान
अधिकतम 30 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शनिवार 19 जुलाई 2025




10 नगर पंचायत उतई स्वच्छता पर नहीं दे रहा ध्यान, खुले में फेंका जा रहा कचरा




न्यू ओम ज्वेलर्स
हर 6000/- की खरीदी पर एक चांदी का सिक्का फ्री
शुद्ध सोने एवं चांदी के जेवरों के विक्रेता
टोटल हालमार्क ज्वेलरी उपलब्ध
जवाहर मार्केट, मेन सर्विस रोड, पावर हाउस, भिलाई SUNDAY OPEN
शुभ खरीदी के लिए ओम ज्वेलर्स परिवार में आपका स्वागत है
हमारे यहां सर्टिफाइड राशि रत्न उपलब्ध है
मिनीमम एमाउंट में बुकिंग करें ▪ जितना सोना उतना चांदी फ्री
संबंधित प्रतिष्ठान : ओम ज्वेलर्स
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग | बाजार चौक, कुम्हारी | रिसाईपारा, धमतरी


**बड़ी कार्रवाई** शराब घोटाले में नाम सामने आने के बाद ईडी ने पकड़ा, निवास के बाहर जमकर हंगामा

# पूर्व सीएम के बेटे चैतन्य पर ईडी का शिकंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

शराब घोटाले में पप्पू बंसल से हुई पूछताछ के बाद ईडी एक बार हरकत में आ गई है। शुक्रवार को ईडी ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के भिलाई तीन स्थित निवास पदुमनगर में दबिश दी। घंटों की जांच के बाद ईडी की टीम उनके बेटे चैतन्य उर्फ बिट्टू को गिरफ्तार कर साथ ले गई। बता दें कि बिट्टू का शुक्रवार को ही जन्मदिन था। ईडी की टीम सुबह अचानक भूपेश बघेल के घर पहुंची। पुलिस सुरक्षा के बीच घर को अपने कब्जे में लिया और जांच शुरू कर दी। इधर जानकारी मिलने के बाद बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता भिलाई-तीन पहुंच गए। उन्होंने निवास के बाहर जमकर हंगामा किया। बिट्टू की गिरफ्तारी के खबर के बाद पुलिस से कार्यकर्ताओं ने झूमाझटकी भी की। कार्रवाई को गलत बताते हुए जमकर हंगामा कर दिया। दोपहर करीब 12.30 बजे ईडी ने चैतन्य बघेल को गिरफ्तार कर लिया। चैतन्य को सफेद रंग की इनोवा में टीम लेकर निकली। कांग्रेसियों ने गेट पर ही इनोवा कार को रोका। पुलिस ने कार्यकर्ताओं को हटाने का प्रयास किया। चैतन्य को बाहर निकालकर साथ ले गई। इसके पहले कांग्रेसियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ नारेबाजी की। पुतला दहन किया।

## गिरफ्तार कर रायपुर ले गए, इधर कांग्रेसियों का आक्रोश फूटा, पुलिस से झूमाझटकी



### न डरेंगे न झुकेंगे, प्रदेश में काटे जा रहे जंगल

ईडी की जांच के दौरान सुबह करीब साढ़े 10 बजे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सामने आए। उन्होंने कहा कि वे न डरेंगे न झुकेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जंगल खत्म करने की साजिश चल रही है। पहले हमारे प्रदेश में 35 प्रतिशत जंगल थे, जो घटकर 25 प्रतिशत हो गए हैं। विधानसभा में हसदेव जंगल का मामला उठने वाला था। अटानी को जमीन देने के लिए जंगल काटे जा रहे हैं। इस लेकर कांग्रेस लगातार आवाज बुलंद कर रही है। वे ईडी की इस कार्रवाई को कभी नहीं भूलेंगे। इसके बाद भूपेश विधानसभा के लिए रवाना हो गए। ईडी के टीम के साथ बड़ी संख्या में सीआरपीएफ जवान और पुलिस के अधिकारी भी मौजूद रहे।



### पूरे प्रदेश में होगा उग्र आंदोलन सरकार को देना होगा जवाब

ईडी की कार्रवाई और चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी के बाद कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि अब सड़क की लड़ाई का समय आ गया है। पूरे प्रदेश में उग्र आंदोलन होगा। सरकार को इस कार्रवाई का जवाब देना होगा। इस दौरान भिलाई विधायक देवेन्द्र यादव, पूर्व विधायक अरुण वोरा, विकास उपाध्याय, गिरिश देवनांगन, चरोदा महापौर निर्मल कोसरे, निगम सभापति कृष्णा चंद्राकर, सुजीत बघेल, सतीश धुरंधर, डे साहब वर्मा, राम कुमार सूर्यवंशी, मनोज डहरिया आदि मौजूद थे।

### आज फूंकेंगे ईडी व अडानी का पुतला

पाटन में शाम 4 बजे केंद्र और राज्य सरकार, ईडी और अडानी का पुतला फूंका जाएगा। इससे पहले 19 जुलाई की सुबह 12 बजे विधायक दल की बैठक होनी है, जिसमें प्रदेश स्तर पर आंदोलन की रूपरेखा तय की जाएगी। भाजपा के सत्ताधारी विपक्ष को कुचलने का प्रयास कर रहे हैं, ऐसा होने नहीं दिया जाएगा। जनता सब देख रही है, हिसाब लेगी।

- राकेश ठाकुर
अध्यक्ष ग्रामीण जिला कांग्रेस दुर्ग

## सांस्कृतिक या धर्म संबंधी पोशाक पहनकर आने पर अभ्यर्थी को आना होगा ढाई घंटे पहले

### सब इंजीनियर पद के लिए 20 को होगी परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल 20 जुलाई को जल संसधान विभाग में उप अभियंता सिविल व उप अभियंता विद्युत-यांत्रिकी की परीक्षा होगी। इसके लिए 17 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। इस बार व्यापम ने कड़े नियम भी बनाए हैं। मसलन परीक्षार्थी यदि सांस्कृतिक पोशाक अथवा धर्म से संबंधित धार्मिक परिधान के वस्त्र धारण कर परीक्षा केन्द्र में आते हैं तो वह कम से कम 2.30 घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्र में पंहुचे। परीक्षार्थी, परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम 2 घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्र में पंहुचने कहा गया है। परीक्षा कक्ष में घड़ी, पर्स, टोपी आदि प्रतिबंधित किया गया है। इंटरनेट वाले प्रवेश पत्र में फोटो स्पष्ट होना जरूरी होगा। परीक्षा प्रारंभ होने के 15 मिनट पूर्व परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जाएगा। हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर परीक्षा देने आयें। फुटवियर के रूप में चप्पल पहनें। कान में किसी भी प्रकार का आभूषण वर्जित है। परीक्षा प्रारंभ होने के पहले आधा घंटा में एवं परीक्षा समाप्ति के आखिरी आधा घंटा में परीक्षा कक्ष से बाहर जाना वर्जित है।


छत्तीसगढ़ (प्र) आई.टी.आई.
➡ इलेक्ट्रीशियन
➡ कोपा/हार्डवेयर
➡ हेल्थ इंस्पेक्टर
धनोरा, दुर्ग 9399532280


## चार किलो गांजा के साथ दो युवक और महिला गिरफ्तार



**अंडा।** 4 किलो गांजा के साथ बाइक समेत महिला और दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। अंडा पुलिस ने बताया कि दो युवक बाइक पर अवैध रूप से गांजा की लेकर जा रहे थे। गीता पेट्रोल पंप के पास मेन रोड में रोककर तलाशी ली गई। आरोपी ईतवारी बाजार अंडा निवासी रणवीर मारकण्डे, चंदखुरी नीतेश कुर्रे को पकड़ा गया। बाइक में हरा रंग का बैग रखा गया था उसमें 4 किलो गांजा जब्त किया है। आरोपीया जंजगिरी रोड अण्डा निवासी गीतांजली द्वारा गांजा खरीद कर लाने के लिए 20 हजार रूपये देना स्वीकार किया। गीतांजली से पूछताछ करने पर गांजा लाने के लिए रुपए देने की बात पुलिस को बताई गई। कार्रवाई में थाना प्रभारी डा. भानुप्रताप साव समेत उनकी टीम का योगदान रहा है। बाइक, तीन 3 मोबाईल जब्त की गई। जिसकी कुल कीमत 1 लाख 10 हजार रुपए आंकी गई है।

## मालवाहक और ट्रैक्टर से भिड़ंत आठ मजदूर घायल, तीन गंभीर



हरिभूमि न्यूज ▶▶कुम्हारी

▪ गुरुवार की रात खपरी पंचदेवरी मार्ग में हादसा, चल रहा इलाज

मालवाहक और ट्रैक्टर से भिडंत से आठ मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। कुम्हारी पुलिस ने बताया कि केडिया डिस्टलरी में ठेकेदारी कर काम कर रहे मजदूर मालवाहक से लौट रहे थे। इस दौरान तेज रफ्तार ट्रैक्टर से जा भिड़ी। हादसा गुरुवार रात 7.30 बजे ग्राम खपरी पंचदेवरी मार्ग के पास हुआ। कुम्हारी थाना प्रभारी पीडी चंद्रा ने बताया कि वापस गृह ग्राम मोहरेंगा, दारगांव लौट रहे मजदूरों से भरी मालवाहक सीजी 07 सीओ 1690 को विपरीत दिशा से आ रही ट्रैक्टर सीजी 07 बीयू 3301 से जा भिड़ी। मालवाहक में 15 मजदूर घायल हो गए। सभी घायलों को सामुदायिक स्वस्थ्य केंद्र में उपचार के लिए रात को भेजा गया। जिसमें 8 मजदूरों की हालत गंभीर होने पर रायपुर के मेकाहारा अस्पताल भेजा गया। बता दें कि वर्षों से आस-पास के गांवों से मजदूर मालवाहक वाहनों में विभिन्न स्थानों पर मजदूरी के लिए लाए जाते है। कुम्हारी में ही देखे तो बड़ी संख्या में मजदूर खुले वाहनों में भरकर लाये जाते है। इसके पूर्व भी कई वाहने हादसे का शिकार हो चुकी है।

### ये मजदूर है घायल, सभी को गंभीर चोटें आईं

पुलिस के मुताबिक घायलों में चमेली साहू, दुलारी विश्वकर्मा, शिवानी सेन, मालती सिंह, जानकी सिन्हा, मानवती सिंह, बुधवंतीनसाहू, कमला साहू, भगवती साहू शामिल है। इनका उपचार अस्पताल में जारी है।

## डोनेशन दिलाने के नाम पर 20 लाख की ठगी

**भिलाई।** एनजीओ डोनेशन दिलाने के नाम पर ठगी करने का मामला सामने आया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि एलआईजी 556 पदमनाभपुर दुर्ग निवासी श्रीराम बालकृष्ण वेलफेयर सोसाइटी में इलेक्ट्रीशियन विभाग में कृष्णकांत शर्मा डायरेक्ट है। प्लॉट नंबर 22/21 गली नंबर 21/22 युजीएफ 3 ओम विहार फेस 3 वेस्ट दिल्ली निवासी संतोष तिवारी नाक व्यक्ति एनजीओ सोसाइटी इंदौर को डोनेशन दिलाने के नाम पर 20 लाख रुपए लिया। इसके बाद संतोष तिवारी ने स्केनर भेजकर युपीआई से 50 हजार,नगद 50 हजार रुपए लिया। लेकिन 26 मई को पीड़ित के दोस्त अंकुर जैन का कसारडीह दुर्ग स्वर्ण ज्वेलर्स के नाम से दुकान है। अंकुर जैन ने बताया कि उसका दोस्त संतोष तिवारी जो ब्रोकर का काम करता है। एनजीओ में बड़ी कंपनी से पैसा दिलवाने का काम करता है। संतोष तिवारी ने बड़ी कंपनी से एनजीओ को पांच करोड़ दिलाने का पीड़िता को झांसा दिया। एनजीओ का डॉक्यूमेंट की मांग भी संतोष तिवारी ने किया। 27 मई को आरोपी संतोष तिवारी ने दस्तावेज कंप्लीट होने के बाद एनजीओ को कंपनी द्वारा पांच करोड़ आरटीजीएस होने की जानकारी दी। इसके पहले चालीस लाख रुपए का एडवांस उसे देना होगा। किसी तरह पीड़ित ने बीस लाख रुपए एडवांस दिया। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

## एनएसपीसीएल पावर प्लांट में महिला ने लगाई फांसी

**भिलाई।** एनएसपीसीएल पावर प्लांट पुरैना भिलाई तीन में महिला श्रमिक ने गुरुवार को फांसी लगाने का मामला सामने आया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि श्रमिक महिला ग्राम डूंडेरा निवासी रामेश्वरी साहू बीते 15 साल से यहां काम कर रही थी। फांसी लगाने का कारण फिलहाल अज्ञात है। मौके से किसी भी प्रकार का सुसायडल नोट भी बरामद नहीं हुआ है।


अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
BHILAI | DHANORA
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• FITTER 2 Year (10th Pass) • C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
कुरुद रोड कोहका, भिलाई, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
89595-93949 • 89595-44444
अग्रसेन एजुकेशन कैम्पस, ग्राम-धनोरा, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
89595-93934 • 89595-44444

SINCE 1983
Har Chain mein hai Kahani
Connecting Generations, Stories & Dreams
The Biggest GOLD CHAIN FESTIVAL
11th - 27th JULY
Making charges starts at just 5.5% On all jewelleries
100% EXCHANGE ON GOLD & DIAMOND
Upto 100% off on DIAMOND JEWELLERY Making Charges
शुद्धता जिस पर आप भरोसा कर सकें
ALL DAY OPEN
सहेली ज्वेलर्स
भिलाई : सिविक सेंटर फोन : 9111177553
दुर्ग : गाँधी चौक फोन : 9111177550
रिसाली : बी.एस.पी मार्केट फोन : 9111177558
CREATIVE HUB ADVERTISING

## खबर संक्षेप



### संस्कृति को सहेजने जबर हरेली का आयोजन कल

**अंडा।** छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना द्वारा प्रदेश स्तरीय जबर हरेली का आयोजन 20 जुलाई इतवार को भिलाई में रखा गया है। जिसमे सर्व छत्तीसगढ़िया समाज परिवार सहित शामिल होने की अपील की है। दुर्ग ग्रामीण छाया विधायक कामेश्वर साहू ने बताया जबर हरेली रैली 8 वर्षों से आयोजित हो रही है जिसमे लाखों की संख्या में लोग हर्षोल्लास के साथ हरेली मनाती है। रैली पावर हॉउस अम्बेडकर चौक से दशहरा मैदान रिसाली में आएगी। जहां आमसभा के साथ ऋतु वर्मा पंडवानी और दुष्यन्त हरमुख कृत रंग झरोखा का कार्यक्रम का आनंद लेंगे। दुर्ग ग्रामीण के सभी जनप्रतिनिधियों महिला समूहों आमजन को आमंत्रित किया गया है। क्षेत्र के सभी महिला समूह और सरपंच ग्रामीण जनों के साथ शामिल होने की बात कही है।

### 30 से शिव महापुराण कथा, डीजीपी को आमंत्रण



**भिलाई।** जयंती स्टेडियम में 30 जुलाई से शुरू हो रही शिव महापुराण कथा के लिए भिलाई निगम के उप नेता प्रतिपक्ष दया सिंह ने डीजीपी अरुण देव गौतम को आमंत्रित किया। दया सिंह ने आमंत्रण पत्रक देकर आयोजन की जानकारी दी। दया सिंह ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा की शिव महापुराण कथा को लेकर तैयारी चल रही है। सावन के पावन महीने में भिलाई धार्मिक आस्था का केंद्र बनने जा रहा है। इसे ध्यान रखकर व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही है।

## निधन

### द्रोपती सचदेव

**भिलाई।** वैशाली नगर भिलाई निवासी द्रोपती सचदेव 75 वर्ष का निधन 18 जुलाई को हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा 19 जुलाई को दोपहर 12 बजे उनके निवास ईडब्ल्यूएस 6 वैशाली नगर सांस्कृतिक भवन भिलाई से रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे शंकर सचदेव एवं दिनेश सचदेव की मां थीं।




**अव्यवस्था : कागजों पर लूट रहे हैं वाहवाही, जमीनी हकीकत कुछ और**

# नगर पंचायत उतई स्वच्छता पर नहीं दे रहा ध्यान, खुले में फेंका जा रहा कचरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। उतई

वर्तमान में नगर पंचायत उतई के अध्यक्ष व मुख्य नगर पालिका अधिकारी स्वच्छता सर्वेक्षण में नेशनल लेवल पर 20वा एवं राज्य स्तर पर 25 वा स्थान लेकर फुले नहीं समा रहे परंतु जमीनी हकीकत कुछ और ही है। नगर पंचायत उतई के वार्ड क्रमांक 03 से रोजाना उठाए जाने वाला कचरा को कचरा पृथक्करण केंद्र में ना ले जाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतई के पीछे नहर किनारे फेंका जा रहा है। वहीं दूसरी ओर वार्ड क्रमक 9 और 10 के नलियों से निकलने वाली कचरा को आंगनबाड़ी व गार्डन के बीच फेंका जा रहा है। जिससे इन वार्ड वासीयो व यहाँ से गुजरने वाले राहगीरो को बदबू का सामना करना पड़ रहा है। वार्ड क्रमांक 3 में फेके जाने वाले कचरा को कभी-कभी आग भी लगा दिया जाता है। जिसे भी जिसे निकालने वाली विषैली गैस से आसपास के ग्रामीण व परिवहन को प्रभावित कर रहा है। अभी बारिश के मौसम में खुले में कचरा फेंकने से अनेक बीमारियों का कारण भी बन सकता है।





### नहीं है मुझे जानकारी

ट्रैक्टर नहीं होने के कारण नालियों से निकलने वाली कचरा को अभी एक जगह रखा गया है। जिसे नगर पंचायत द्वारा तुरंत उठा लिया जाएगा परंतु वार्ड क्रमांक 3 में फेके जाने वाले कचरा कि मुझे जानकारी नहीं है। कल मैं उसे दिखवाकर संबंधितों पर नियमानुसार उचित कार्रवाई करूंगा।

-सरस्वती साहू,
अध्यक्ष नगर पंचायत उतई

### दिखवाता हूं

रोजाना कचरा इकट्ठा कर कचरा पृथक्करण केंद्र ले जाते हैं वार्ड क्रमांक 3 में किसके द्वारा कचरा फेंका जा रहा है उसे मैं कल दिखता हूं।

-विनोद कुमार,
सफाई सुपरवाइजर नपं उतई

### जानकारी नहीं

मेरी जानकारी में नहीं है। पता लगाकर उचित कार्रवाई करता हूं

-राजेन्द्र नायक
मुख्य नपा अधिकारी उतई

### जमीनी हकीकत और

कागजों पर इनाम लेकर झूठी वाहवाही लूटी जा रही है नगर पंचायत उतई जमीनी हकीकत कुछ और है जगह-जगह पर गंदगी फैली हुई है।
**द्वारिका साहू,** पार्षद वार्ड-9 व नेता प्रतिपक्ष नगर पंचायत उतई।

## पंचायत प्रतिनिधियों ने विधानसभा परिसर का किया भ्रमण, देखी सदन की कार्यवाही



हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिलाई

ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर के नेतृत्व में शुक्रवार को ग्राम पंचायत पुरई के पंचायत प्रतिनिधियों ने विधानसभा परिसर का भ्रमण किया। सदन की कार्यवाही देखी। पंचायत प्रतिनिधियों ने दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर के नेतृत्व में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं मंत्री मंडल से सौजन्य मुलाकात की। सरपंच एवं पंचों के सदस्यों ने विधानसभा परिसर के भ्रमण और सदन की कार्यवाही के अवलोकन के अपने अनुभव को साझा करते हुए कहा कि यह उनके लिए एक प्रेरणादायक अवसर रहा। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था की कार्यप्रणाली को निकट से देखने का अवसर मिलना गौरवपूर्ण अनुभव है।भ्रमण करने वालों में सरपंच डोमार सिंह साहू, उपसरपंच शीतला ठाकुर, पंचगण कुमार साहू, ममता देवांगन, गीता देवांगन, तेजनाथ साहू, देवला सिंह, सतरूपा साहू, डोमार सिंह साहू, गौरी बाई, भारत भूषण, अनिल कुमार, रेनू कुमार साहू सहित अन्य शामिल थे।

## चाकू दिखाकर लूटपाट करने वाले दो धरे गए

**भिलाई।** धारदार चाकू दिखाकर लूटपाट करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि डिपरापारा वार्ड 39 निवासी देवेन्द्र सोनकर ने शिकायत किया था। जिसमें लक्की उर्फ लक्ष्मीनारायण यादव, प्रियांशु, भूपेन्द्र भारती ने चाकू दिखाकर मोबाइल और स्कूटी सीजी 07 सी.डब्ल्यू. 7939 को लूटकर फरार हो गए। जिसकी कीमत 70 हजार रुपए आंकी गई है। थाना प्रभारी तापेश्वर सिंह नेताम ने टीम बनाकर आरोपियों की तलाश में जुटी रही। पुलिस ने डिपरापारा दुर्ग निवासी लक्की उर्फ लक्ष्मीनारायण यादव और इंदिरा कालोनी दुर्ग भूपेन्द्र उर्फ आकाश भारती को गिरफ्त में लिया गया। पुलिस पूछताछ में घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। घटना में शामिल फरार आरोपी प्रियांशु की खोजबीन में पुलिस जुटी हुई है। पुलिस ने धारदार चाकू, लूट की स्कूटी वाहन जब्त किया।



## लगातार अघोषित कटौती और बिल में वृद्धि के खिलाफ कांग्रेस ने किया घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶। धमधा



■ सरकार ने किया आम जनता, किसान, युवा, मजदूर से छलावा : राजीव गुप्ता

नगर सहित पूरे ग्रामीण इलाकों में इन दिनों बिजली की अघोषित कटौती और बिजली बिल में वृद्धि लगातार सरकार के द्वारा की जा रही है। राज्य शासन ने घरेलू बिजली बिल की दर में 10 से 20 पैसा प्रति यूनिट और किसानों के पंप कनेक्शन में 50 पैसा प्रति यूनिट बढ़ोत्तरी की है। इन तमाम समस्याओं को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी धमधा के तत्वधान में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विद्युत विभाग धमधा का घेराव किया। जिला कांग्रेस के महामंत्री राजीव गुप्ता ने बताया कि किसानी के दिन में सरकार किसानों को परेशान कर रही है, समय पर बिजली नहीं मिल रही है। अटल ज्योति कनेक्शन को देर रात तक बंद किया जा रहा है। कम समय के लिए बिजली दी जा रही है जिससे फसल प्रभावित हो रही है। वहीं आमजन भी बेहद त्रस्त हो चुके हैं। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शिव कुमार वर्मा ने कहा कि आम जनता को भाजपा की विष्णुदेव सरकार के केवल लूटा है। जिसका विरोध हमेश कांग्रेस ने किया है और आम जनों के लिए करती रहेगी। इस मौके पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य शमशीर कुरैशी, जालम पटेल,प्रहलाद यादव,जितेंद्र वर्मा, मधुसूदन राणा, महेश कौशल, अनिल साहू, गंगाधर निषाद, जीवन निर्मलकर,लुमेश्वर पटेल, कामदेव साहू, रोमन पटेल,टीकाराम उमरे,आशीष पांडे,राजेश मानिकपुरी,संतलाल,अशोक कसार,विजय धीमर, दुखवा पटेल,कन्हैया साहू,अरुण साहू,संदीप गुप्ता,मोहन यादव,रजत नायक, सत कुमार निषाद,त्रिलोकी पटेल,रोहित वर्मा, अग्नु पाल,रामकुमार पटेल,राज पटेल,विवेक पटेल,रामजी वर्मा,ज्वाला साहू,श्रवण साहू,गोपी बारले, पप्पू सोनवानी,परमेश्वर यादव,देवनाथ यादव, सुमंत ताम्रकार,राजकुमार साहू,आकाश द्विवेदी, विक्रांत ठाकुर,हीरा साहू,महेंद्र वर्मा,किशोर धार्मिक,राधे साहू,कलीम कुरैशी,ललित सोनकर सहित सैकड़ों कांग्रेसी एवं किसान मौजूद रहे।

## बिजली बिल बढ़ोतरी को लेकर बिजली ऑफिस का घेराव किया कांग्रेसियों ने



**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के ग्राम अंडा में ब्लाक कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप चन्द्रकार के नेतृत्व में बिजली बिल बढ़ोतरी को लेकर बिजली ऑफिस कार्यालय का घेराव कर मुख्यमंत्री के नाम से ज्ञापन दिया गया। प्रदीप चन्द्रकार ने कहा कि छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार ने डेढ़ साल मे चौथी बार बिजली बिल की बढ़ोतरी कर एक बार फिर प्रदेश की जनता को लूटने का काम किया हैं। पूर्वअध्यक्ष पंचायत जनपद दुर्ग देवेंद्र देशमुख ने कहा की भाजपा सरकार द्वारा पहले से किसानों के साथ दुर्भावना और उपेक्षा के कारण खाद, बीज और बिजली कटौती से परेशान है। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य आशा वक्किी मश्रिा,पूर्व जिला पंचायत सदस्य योगीता चन्द्राकर, पूर्व सभापति टिकेश्वरी लाल देशमुख,तर्थिराज चन्द्राकर, तारकेश्वर चन्द्राकर, सरपंच दग्विजिय सन्हिा,डा चेलक, राम किशुन, रूखमणी,राजा राम सहित अन्य ग्रामीण जन उपस्थित थे। इस दौरान कांग्रेसियों ने साय सरकार के खिलाफ अपना आक्रोश व्यक्त किया। जमकर नारेबाजी की।

## बिजली दर में बढ़ोतरी वापस ले सरकार: दामिनी मुकेश साहू



**अंडा।** छत्तीसगढ़ विद्युत वितरण कम्पनी मर्यादित केंद्र तिरगा झोला में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। जनपद सदस्य दामिनी मुकेश साहू ने बताया कि भाजपा सरकार द्वारा चौथी बार आम जनता की जेब में अधिभार डालने का प्रयास करते हुए बिजली के दरों में बेतहाशा वृद्धि कर दी गई है जिसके तहत घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 10 से 20 पैसे प्रति यूनिट, गैर घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 25 पैसे प्रति यूनिट बढ़ोतरी के साथ साथ किसानों के कृषि विद्युत दर में भी 50 पैसे प्रति यूनिट की बढ़ोतरी की गई। जिससे आम जनता और किसानों को अतिरिक्त आर्थिक बोझ का सामना करना पड़ेगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान मुख्य रूप से नंदकुमार साहू सरपंच रूदा खांडा , घसिया राम देशमुख सरपंच तिरगा , बसंती कौशल निषाद सरपंच झोला, नेमिन खुटेल सरपंच भोथली, पूर्व सरपंच भोथली रमेश कुमार साहू, बाबूलाल देशमुख पटेल तिरगा, रूखमन देशमुख तिरगा, उमेंद सिंह देशमुख , मजदूर यादव रूदा, कौशल निषाद झोला एवम उपसरपंच जी झोला, देवीलाल साहू ,कलीराम साहू, कु सोनम साहू ,हरी साहू, गैंद लाल साहू, यशपाल साहू,यवनेश साहू , राकेश साहू , पवन खुटेल , रिखीराम निषाद मौजूद थे।

## विस का घेराव करने आ रहे दिव्यांगजन के साथ दुर्व्यवहार घोर निदंनीय

**निकुम।** प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने प्रदेश के भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि डबल इंजन सरकार लोकतंत्र का गला घोट रही है। पुलिस की यह बर्बरता तानाशाही का प्रमाण है। इस सरकार के कामों से हर वर्ग नाराज है। बता दें कि छत्तीसगढ़ दिव्यांग सेवा संघ के नेतृत्व में सभी निःशक्तजन अपनी 6 सूत्रीय मांगों को लेकर पिछले कई दिनों से नवा रायपुर के तूता में धरना दे रहे हैं। बुधवार 16 जुलाई को अचानक विधानसभा घेराव करने पहुंच गए। इसकी जानकारी मिलते ही आनन फानन में पुलिस मौके पर पहुंची और सभी को बसस्टैंड के पास रोक लिया। दिव्यांग जनों को पुलिस ने जबरदस्ती उठाकर बस निर्दयता पूर्वक घसीट कर लाठी डंडे से बल पूर्वक में बैठाया। इस दौरान कुछ लोगों को घसीटा गया और जबरदस्ती मारपीट की गई। संघ ने कुछ लोगों से मारपीट का भी आरोप लगाया है। सभी विकलांगजनों को बस में बैठाकर तूता स्थित धरना स्थल ले जाया गया। श्री साहू ने कहा कि सरकार लोकतंत्र का गला घोट रही है। पुलिस की बर्बरता तानाशाही का प्रमाण है। सरकार इस बात से डरी हुई है कि आज हर वर्ग उनका विरोध कर रहा है। सरकार के कामों से युवा, किसान, आदिवासी, महिला, कर्मचारी और आम जनता नाराज है। विकलांगों की मांगों पर गंभीरता पूर्वक विचार करना चाहिए।











## डबरापारा स्कूल में बनेगा डोमशेड



हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिलाई

भिलाई–चरोदा के वार्ड 12 डबरा पारा भिलाई 3 स्थित मिडिल स्कूल प्रांगण में डोमशेड का निर्माण किया जाएगा। इसका भूमिपूजन किया गया। पार्षद निधि से डोमशेड का निर्माण किया जा रहा है। कार्यकर्म में भाजपा महामंत्री प्रेम लाल साहू प्रमुख रूप से मौजूद थे। पार्षद तुलसी ध्रुव ने कहा कि जनता की मांग के अनुरूप विकास कार्यों को गति प्रदान की जा रही है। विद्यालय परिवार एवं नागरिकों के मांग के अनुरूप विद्यालय परिसर में अपने पार्षद निधि से 5 लाख रुपए की लागत से डोम शेड का निर्माण किया जाएगा। प्रेम लाल साहू ने कहा कि पार्षद तुलसी ध्रुव बहुत ही जागरूक हैं। इसलिए आवश्यकता के अनुरूप कार्य कर रहे हैं। भाजपा नेता रवि नाहर ने कहा कि डोम शेड निर्माण से जनता को राहत मिलेगी। इस अवसर पर महेश सोना, एम अरुणा, प्रमिला तांडी, राजू देवांगन, छन्नू वर्मा, भारत देवांगन मौजूद थे।

**पहल**

## बीएसएनएल में लगाई नई बैटरी फोन पर बात करना हुआ आसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जामगांव आर


बैटरी खराब हो या बिजली चली जाए, बंद हो जाता है मोबाइल फोन
बीएसएनएल के उपभोक्ता हो रहे परेशान






बीएसएनएल उपभोक्ताओं को अब परेशान नहीं होना पड़ेगा। दूर संचार विभाग जामगांव आर की बैटरी खराब होने कारण बिजली बंद होते ही मोबाइल सेवा ठप होने संबंधी समाचार हरिभूमि में प्रकाशित होने के बाद विभाग हरकत में आया है। विभाग के डीई जेपी प्रसाद एवं एसडीओ डीके बागड़े ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए एक सप्ताह के अंदर शुक्रवार को नई बैटरी लगवा दी है। बीएसएनएल की इस सक्रियता की उपभोक्ताओं में हर्ष है।ग्रामीणों ने कहा कि अधिकारी इसी त्वरित पैटर्न में समस्या का हल करने लग जाए तो प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ेगा और आमजनता को सुविधाओं का भरपूर लाभ मिलेगा। उपभोक्ताओं ने इनके मार्गदर्शक अधिकारियों को भी साधुवाद ज्ञापित किया।

■ हरिभूमि ने खबर प्रकाशित होने के बाद हरकत में आया विभाग

## गुरु खुशवंत के साथ हुई घटना की निंदा, जांच की मांग



**पाटन।** तहसील सतनामी समाज ने पाटन जनपद पंचायत के सामने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। आरंग विधानसभा क्षेत्र के विधायक गुरू खुशवंत साहेब के साथ पत्थर फेंककर मारपीट करने की घटना को लेकर यह आंदोलन किया गया। इस अवसर पर तहसील सतनामी समाज के पूर्व अध्यक्ष शीततकरण महिलवार ने कहा कि सतनामी समाज के धर्मगुरु खुशवंत सिंह के हुई घटना की जांचकर कार्यवाही होना चाहिए। आज भाजपा की सरकार में विधायक सुरक्षित नहीं है तो आम नागरिक का क्या होगा। धरना प्रदर्शन में प्रमुख रूप से संतराम कुर्रे, पवन गहरे, शिवनाथ बंजारे, रमेश कुरे, शीतकरण महिलवार, सरपंच सेलुद बबलू मार्कण्डेय, दुर्गेश पाटिल, रामेश्वर बघेल, मनोज कुर्रे, नीरव कोसले, मोती बघेल, सुमीत मार्कण्डेय, भावेश चेलक, रामनाथ गायकवाड़, पप्पू जोशी और राजेश मार्कण्डेय सहित समाज के लोगों ने तहसीलदार भूपेन्द्र सिंह को ज्ञापन सौंपा।

## बिजनेस साइट

### आन होंडा के शोरूम में भारी ऑफर

**भिलाई।** आन होंडा के शोरूम जोकि नेहरू नगर, बसंत टॉकीज के सामने, कोहका , नंदिनी रोड, हाउसिंग बोर्ड एकता चौक के पास संचालित है जहां एक्टिवा 110 सीसी के मॉडल पर 31 जुलाई तक खरीदी करने पर 4 हजार रुपए की छूट दी जा रही है। वहीं होंडा की मोटर साइकिल खरीदने पर पुराने ग्राहकों को 10 हजार रुपए की छूट दी जा रही है। छत्तीसगढ़ पुलिस विभाग के कर्मचारियों को दुपहिया वाहन खरीदने पर 3 प्रतिशत छूट दी जा रही है। होंडा के सभी मॉडल एवं सभी कलर के दुपहिया वाहन शोरूम में उपलब्ध है। होंडा एक्टिवा में 90/90-12 फ्रंट टायर के साथ टेलीस्कोपिक सस्पेंशन और 90/100 - 10 रियर टायर के साथ 3 स्टेप एडजस्टेबल सस्पेंशन हैं। यह अंडरबोन फ्रेम और अलॉय व्हील के साथ आता है। एक्टिवा स्मार्ट में नेविगेशन और बिना चाबी वाली सुविधाओं वाला नया टीएफटी मीटर भी उपलब्ध है। आरामदायक दृष्टिकोण, लो ऑयल इंडिकेटर, शटर लॉक, किक और इलेक्ट्रिकल स्टार्ट टाइप, लगेज स्पेस आदि इनकी विशेषताएं है।



### सीएसईईटी की परीक्षा में एबीएस फाउंडेशन के छात्र हिमांशु और इशिका ने छत्तीसगढ़ में टॉप



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ की अग्रणी कामर्स संस्था एबीएस फाउंडेशन में सीएसईईटी का परीक्षा परिणाम आया, जिसमें एबीएस के छात्र हिमांशु व इशिका प्रधान ने छत्तीसगढ़ में टॉप किया है। अन्य छात्र पास होकर सबको गौरवान्वित किये जिनके नाम-उत्कर्ष दुबे, प्रतीक्षा तिवारी, चांदनी, शुभिका है। संस्था के डायरेक्टर अभिषेक राय ने बताया कि छात्रों ने काफी मेहनत की आनलाईन परीक्षा दी। इसी क्रम में मई 2025 के परीक्षा परिणाम में भी संस्था से विनायक यादव ने छतीसगढ़ में प्रथम स्थान व आल इण्डिया लेवल पर टॉप-10 में स्थान बना चुके है। संस्था में अनुभवी शिक्षकों की एक सशक्त टीम है। जो छात्रों को प्रशिक्षित कर उन्हें गाईडेंस प्रदान करती है। जिनके नाम सीए भूषण चिपड़े, सीए अंकेश सिन्हा, सीए रजत अग्रवाल, सीएमए/सीएस देवाशीष गोस्वामी, सीएस जमशेद खान, सीएस आकाश जसवानी, सीएमए युवराज पिपरिया, फिजा मैम, प्रशांत पाण्डेय, महावीर वैष्णव प्रमुख रूप से है। संस्था में सीए/सीएमए/सीएसईईटी/बी.कॉम की कक्षाएं ली जाती है। नए सत्र के लिए कक्षाएं प्रारंभ हो चुकी है। अधिक जानकारी 141 न्यू सिविक सेंटर भिलाई व दुर्ग संस्था से ली जा सकती है।

### कोटा स्टडी सर्कल में प्रवेश प्रारंभ

**भिलाई।** कोटा स्टडी सर्कल के नीट, आईआईटी जेईई के ड्रॉपर के बैचेस में प्रवेश प्रारंभ। जो छात्र 2026 में होने वाले नीट तथा आईआईटी-जेईई के एग्जाम की तैयारी अथवा कक्षा 8वीं से 12वीं तक सीबीएसई बोर्ड व सीजी बोर्ड के एग्जाम की तैयारी करना चाह रहे हैं उनके लिए कोटा स्टडी सर्कल एक बेहतरीन प्लेटफार्म का कार्य करता है। कोटा स्टडी सर्किल की भिलाई तथा रायपुर ब्रांच से पढ़े हुए विद्यार्थी विभिन्न मेडिकल, इंजीनियरिंग परीक्षाओं में अच्छे मार्क्स के साथ उत्तीर्ण हो रहे हैं। उनमें से कुछ छात्र मेरिट लिस्ट में सेलेक्ट हो रहे हैं। यहां का डिसिप्लिन युक्त वातावरण है गहनता के साथ अध्ययन एवं अध्यापन का कार्य है। छत्तीसगढ़ के अतिरिक्त मध्यप्रदेश, उड़ीसा एवं बिहार से आकर छात्र-छात्राएं भिलाई एवं रायपुर सेंटर द्वारा नीट ,आईआईटी तथा बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी ड्रॉपर, रेगुलर ,क्रश एवं रिवीजन कोर्स के माध्यम से बेहतरीन सेवाएं ले रहे हैं। कोटा स्टडी सर्कल में फिजिक्स ,केमिस्ट्री, बायोलॉजी तथा गणित विषय के विशेषज्ञ भिलाई एवं रायपुर में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। भिलाई में बिल्डिंग नंबर 150 एवं रायपुर में भाटिया कंपलेक्स राजकुमार कॉलेज के सामने जीई रोड पर स्थित है। कोटा स्टडी सर्किल में 20 जुलाई तक प्रवेश पर विशेष छूट का प्रावधान।



ॐ

फीचर इम्पैक्ट

BHARTI VISHWAVIDYALAYA

# भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग

भारती ग्रुप पिछले 28 वर्षों से विभिन्न संकायों का सफलतापूर्वक संचालन कर रहा है, हमारे संस्था से शिक्षा प्राप्त कर ज्यादातर विद्यार्थी छत्तीसगढ़ व अन्य राज्यों के साथ - साथ विदेशों में सरकारी एवं निजी संस्थानों में बड़े पद पर कार्यरत है, कई विद्यार्थी बड़े रूप में स्व रोजगार स्थापित कर लोगों को रोजगार प्रदान कर रहे है, जिससे हमारी संस्था के साथ - साथ अपने अभिभावकों का नाम गौरवान्वित कर रहे है, यही हमारी संस्था का मुख्य उद्देश्य है, जिसे निरंतर आगे बनाए रखेंगे इसी विश्वास के साथ...

विकसित छत्तीसगढ़ @2047 के लक्ष्य को पाने के लिए भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग शिक्षा, कौशल और नवाचार के क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान कर, नये-नये पाठ्यक्रम संचलित कर युवाओ को उच्च-शिक्षा प्रदान कर रहा है। विद्यार्थियों को अपने ही राज्य में रहकर कम खर्च में अध्ययन करा रहें हैं, जिससे राज्य के विद्यार्थियों को स्व-रोजगार प्राप्त करने का नव-अवसर मिल रहा है और आगे मिलता रहेगा...

## - TOP RECRUITERS -

WIPRO LTD. · ASHOK L by LAYAM GROUP · JINDAL ELECTRICAL · HCL INFOSYSTEMS LTD · TATA CONSULTANCY SERVICES · L&T CONSTRUCTION · SUZUKI MOTORS · MAHINDRA & MAHINDRA LTD. · SUZLON ENERGY LTD. · BOC INDIA LTD. · DHOOT TRANSMISSIONS · ADVIK HIGH TECH Pvt. Ltd. · HIRA POWER & STEEL · MAINTEC TECHNOLOGIES · IDBI BANK LIMITED · JUST DIAL LIMITED



श्रीमती द्रौपदी मुर्मू - राष्ट्रपति भारत द्वारा पुरस्कृत करते हुये

**Advance Diploma in Industrial Safety**



इंडस्ट्रीयल सेफ्टी में डिप्लोमा कर रोजगार के नए अवसर

भारती विश्वविद्यालय मे बीए, बीकाम, बीएससी डिप्लोमा एवं पीजी कोर्स सेमेस्टर प्रणाली में संचालित किये जा रहे है। विद्यार्थियों का रुझान एवं राज्य में कोर्सेस की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय शिक्षा निति 2020 के सिलेबस को जोड़कर कई नये विषयों मे स्नातक एवं पीजी सेमेस्टर प्रणाली से पढ़ाई प्रारंभ किया गया है। विद्यार्थीयों को सिलेबस के विस्तृत ज्ञान की प्राप्ति एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने के उद्देश्य से इस सेमेस्टर पाठ्यक्रमों को प्रारंभ किया गया है। सेमेस्टर प्रणाली में अध्ययन से IAS, IPS, IES, IFS, IRS आदि अन्य सभी शासकीय परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करना सरल होता है।



## ADMISSION OPEN FOR THE SESSION 2025-26

### Law
- B.A. LLB
- LLM
- B.Com LLB
- LLB

### Pharmacy
- D. Pharma
- B. Pharma
- M. Pharma
- Ph. D.

### Engineering
(Full Time / Part Time)
M.Tech / B.Tech / Diploma • CSE • Civil
- ET&T • Mechanical
- Electrical Artificial
- Intelligence & Machine Learning

### Journalism
- BAJMC
- MAJMC

### Library Science
- M.Lib • B.Lib • D. Lib

### Hotel Management
- BHM • MHM

### Education
- D.El.Ed. • B.Ed. • M.Ed.

### Film Making
- B.A. • M.A.

### Physical Education
- Bachelor of Physical Education andSports (B.P.E.S)
  Eligibility (10+2)
- Masters of Physical Education and Sports (M.P.E.S)
  Eligibility (B.P.E.S)

### Arts/Science/Commerce
- B.Sc / M.Sc (Forensic Science)
- BBA • MBA
  - Hospital Management
  - Financial Management
  - Marketing Management
  - Human Resource Management
- DCA • BCA • PGDCA
- B.A. (Hons)/M.A
  - English • Sociology • Psychology • Hindi • Sanskrit • Yoga • Political Science • History • Geography • Public Administration
- B.Com. (Hons) • M.Com. • DSW
- BSW • MSW • B.Stat • M.Stat
- BRS • MPH • MRS
- B.Sc (Hons) / M.Sc
  - Chemistry • Maths • Physics • Biotechnology • Botony • Zoology • Microbiology • Computer Science • IT • Home Science • Multimedia & Design • Animation & Visual Effects

### Diploma Courses (1year)
- Forensic Science
- Digital Marketing
- Yoga Science
- Nutrition & Dietetics
- Interior Design
- Multimedia & Graphic Animation
- Fashion Design
- Cyber Crime

**Ph. D. Available in all Subject**
प्रवेश हेतु आवेदन फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 23.07.2025
website: www.bhartiuniversity.org

Aff. to Ayush University, Raipur
**BAMS** Bachelor of Ayurvedic Medicine and Surgery
**B.Sc (Nursing)**

Aff. to IGKV Raipur
**B.Tech. Agricultural**
**B.Sc. Agricultural**



**भारती विश्वविद्यालय** न केवल दुर्ग में, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ में **कानून व्यवस्था, न्यायिक प्रक्रिया और फॉरेंसिक अनुसंधान** के क्षेत्र में शिक्षा का एक मजबूत केंद्र बनकर उभरा है।

फोरेंसिक साइंस के क्षेत्र में जॉब के सबसे ज्यादा मांग हैं। बीएससी फोरेंसिक साइंस विद्यार्थीयों को देश- विदेश के फोरेंसिक शिक्षण संस्थानों में प्राध्यापक एवं फोरेंसिक एक्सपर्ट के रूप में कार्य कर रहें है। **फॉरेसिंक साइस की पढ़ाई करके स्टूडेंट्स फॉरेंसिक वैज्ञानिक, फॉरेंसिक विश्लेषक, फॉरेंसिक मनोवैज्ञानिक बनकर अपना कैरियर संवार सकते है।** सरकारी विभागों जैसे गृह विभाग, पुलिस, इंटेलिजेंस और क्राइम इन्वेस्टिगेशन से संबंधित अन्य एजेंसियों में फोरेंसिक साइंस का विशेष महत्व है। डिजिटल फॉरेंसिक, साइकोलॉजी, क्रिमिनोलॉजी और साइबर सिक्योरिटी जैसे समकालीन विषयों में स्नातक, स्नातकोत्तर एवं अल्पकालिक पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं, जो विद्यार्थियों को एक सशक्त कैरियर और रोजगार के अवसर प्रदान करते हैं।

**· अत्याधुनिक प्रयोगशालाएँ· अनुभवी फैकल्टी एवं फील्ड एक्सपर्ट्स · इंटर्नशिप व लाइव प्रोजेक्ट्स के अवसर · सरकारी और निजी क्षेत्रों में प्लेसमेंट की सुविधा**

देश का आपराधिक न्याय तंत्र आज **एविडेंस-बेस्ड प्रणाली** की ओर अग्रसर है। हाल ही में लागू हुये तीन नये आपराधिक कानूनों के तहत **सात साल से अधिक सज़ा वाले अपराधों में फॉरेंसिक जांच अनिवार्य** कर दी गई है। इससे फॉरेंसिक साइंस के क्षेत्र में प्रशिक्षित युवाओं की मांग और अवसरों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

**भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग** इस क्षेत्र में विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और व्यावहारिक अनुभव प्रदान कर उन्हें एक उज्जवल भविष्य की ओर अग्रसर कर रहा है।

**फॉरेंसिक से जुड़े अपने सपनों को दीजिए एक नई उड़ान।**

**समाज में एक मजबुत व्यवस्था का निर्माण, जिससे न्याय और शांति की नीव रखी जाएगी**

**लॉ (कानून) -** लॉ एजुकेशन में विद्यार्थियों का रुझान एवं राज्य में इस शिक्षा की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए लॉ संकाय में बीए एलएलबी, बीकॉम एलएलबी, एलएलबी एवं एलएलएम पाठ्यक्रमों में प्रवेश की प्रक्रिया चल रही है। इसके लिये इंटीग्रेटेड लॉ 5 वर्षीय पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु शैक्षणिक योग्यता 12वीं उत्तीर्ण, एलएलबी में प्रवेश के लिए किसी भी संकाय में स्नातक एवं एलएलएम में प्रवेश के लिए एलएलबी उत्तीर्ण होना आवश्यक है। लॉ की पढ़ाई के बाद अपने कैरियर बनाने के कई विकल्प मौजूद हैं वकालत, न्यायाधीश, कानूनी सलाहकार बनने के साथ ही कॉर्पोरेट सेक्टर से संबंधित बैंकों, वित्तीय सेवा विभाग, वित्त और लेखा विभाग, पर्यटन उद्योग, मानव संसाधन विभाग, इंवेस्टमेंट बैंकिंग जैसे सेक्टर में अपार संभावनाएं हैं।

## ज्ञान, कौशल और सफलता की कुंजी इंजीनियरिंग

**हमारे छत्तीसगढ राज्य में भारत की पहली सेमीकंडक्टर चिप निर्माण कंपनी पॉलीमेटेक इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड एवं बड़ी बड़ी कम्पनियो के निवेश से तकनीकी क्षेत्र मे अध्ययन कर रहे विद्यार्थियो को राज्य में ही रोजगार के नया अवसर प्राप्त होगा।**

एआईसीटीई से बीटेक एवं पॉलीटेक्निक पार्टटाइम कोर्स में प्रवेश की अनुमति प्राप्त की है। इस पार्टटाइम कोर्स के प्रारंभ होने से छत्तीसगढ़ में कार्यरत शासकीय एवं निजी क्षेत्रो पर कार्यरत प्रशिक्षार्थियों के लिये बहुत लाभकारी होगा। पॉलीटेक्रीक उत्तीर्ण प्रशिक्षु इंजीनियरिंग में इलेक्ट्रीकल, सिविल, मेनिकल, कम्प्यूटर ब्रांच में प्रवेश प्राप्त कर सकते है। आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षु डिप्लोमा पॉलीटेक्नीक में इलेक्ट्रीकल, सिविल, मेनिकल, कम्प्यूटर में प्रवेश प्राप्त कर सकते है। इस प्रकार प्रशिक्षु अपने कार्यरत विभाग में पदोन्नति का अवसर प्राप्त कर निरंतर विकास की ओर अग्रसर हो सकते है।

**फूड एंड न्यूट्रीशन कोर्स कर सफल टाईटिशियन बनें**

दो वर्षीय एवं डिप्लोमा न्यूट्रिशन एक वर्षीय एंड डाइटेटिक्स कोर्स सुचारु रुप से संचालित है इस विषय में प्रवेश हेतु आवश्यक शैक्षणिक योग्यता 12वीं बायोलॉजी जीव विज्ञान, गणित विषय के साथ उत्तीर्ण होना अनिवार्य है एवं एमएससी के लिए बीएससी होम साइंस बीएससी फूड एंड न्यूट्रिशन इत्यादि उत्तीर्ण होना आवश्यक है। जिसके अंतर्गत लिक्विड एवं सॉफ्ट डाइट, थरेपिटिक डाइट पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस विषय के माध्यम से विद्यार्थी अपना भविष्य सरकारी एवं गैर सरकारी क्षेत्र में फूड इंस्पेक्टर, हेल्थ साइंस, डाइटिशियन, न्यूट्रीशनिस्ट, फूड रिसर्चर इत्यादि में बना सकते हैं।



**62322-21101 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07**

www.bhartiuniversity.org · bhartiuniversity.in@gmail.com

SCAN ME

**खबर संक्षेप**



## दबंगई दिखाने वाले दो युवक पुलिस गिरफ्त में

**भिलाई।** दबंगई दिखाने वाले दो युवको को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि घासीदास नगर जामुल निवासी सिद्धार्थ कुमार गुप्ता ने शिकायत किया है। मोहल्ले में निवास करने वाला प्रिंस कुमार और भूपेन्द्र कुमार टंडन उर्फ राजू ने पीड़ित के मकान का दरवाजे के पास पीना खाना कर रहे थे। मना करने पर प्रिंस,उसके दोस्त गाली गलौज कर जबरदस्ती घर में घुस कर लोहे के रॉड, बेस बल्ला से मारपीट कर चोट पहुंचाई। जामुल पुलिस ने दोनों आरोपियों को खोजबीन कर प्रिंस कुमार, भूपेन्द्र कुमार टंडन उर्फ राजू को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया। कार्रवाई में प्रभारी जामुल निरीक्षक राजेश मिश्रा समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

## डायरेक्टर इंचार्ज से मिला एम्पलाइज एसोसिएशन



**भिलाई।** बीएसपी के निदेशक प्रभारी सीआर महापात्रा से बीएसपी, एससी, एसटी एम्पलाइज एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने अध्यक्ष कोमल प्रसाद के नेतृत्व में मुलाकात की। कोमल प्रसाद ने एसोसिएशन के पदाधिकारियों का परिचय कराया। एसोसिएशन की गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि संयंत्र को और बेहतर बनाने के लिए आपके नेतृत्व में हम मिलकर प्रयास करेंगे। इस अवसर पर कार्यकारी अध्यक्ष चेतन लाल राना, महासचिव विजय कुमार रात्रे, उपाध्यक्ष वेदप्रकाश सूर्यवंशी, कोषाध्यक्ष अनिल खेलवार उपस्थित थे।

## कार्यकर्ताओं ने देखी विधानसभा की कार्यवाही



**दुर्ग।** शहर विधानसभा से कार्यकर्ताओं ने छत्तीसगढ़ विधानसभा का भ्रमण किया। इस दौरान कार्यकर्त्ताओ ने विधानसभा की कार्यवाही को नजदीक से देखा और संसदीय प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त किये। इसके पूर्व जैन समाज के सोशल ग्रुप ने भी विधानसभा परिसर का भ्रमण किया। विधानसभा परिसर में दर्शक दीर्घा, पुस्तकालय तथा केबिनेट मंत्री कक्ष पहुंचे। उनसे सौजन्य मुलाकात कर विभागीय कार्यों की जानकारी ली। वित्त मंत्री ओपी चौधरी से कार्यकर्त्ताओ ने विधायक संग भेंट कर राज्य की राजनीति, विधायी प्रक्रिया और उनके महत्व के बारे में जानकारी ली। अपने क्षेत्र में समाज और देश के प्रति जिम्मेदारी निभाने की प्रेरणा दी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव से मुलाकात कर सभी तस्वीर लिए और सांगनात्मक कार्य करने मार्गदर्शन प्राप्त किया। विधायक गजेन्द्र यादव ने विधानसभा भ्रमण के दौरान प्रश्नकाल में सवाल पूछने और आने की प्रक्रिया, ध्यानाकर्षण में जनता के मुद्दों को सदन में रखने की जानकारी साझा की।

## पदोन्नति व समयमान नहीं, कर्मचारी आक्रोशित

**भिलाई।** जिला स्तरीय विभागीय परामर्शदात्री समिति की बैठक विगत कई वर्षो से नहीं हुई है। कर्मचारियों एवं अधिकारीयों की विभागीय पदोन्नति, समयमान वेतनमान, क्रमोंन्नति, सेवानिवृत्त उपरांत देय स्वत्वों का भुगतान समय पर नहीं होने, पेंशन प्रकरण, मेडिकल बिल, यात्रा भत्ता देयक, मातृत्व अवकाश, संतान पालन अवकाश भुगतान समय पर नहीं होने, विभागीय जांच प्रकरण निपटारा समय पर नहीं होने से कर्मचारियों में नाराजगी है। शासन द्वारा मान्यता प्राप्त संगटनों के प्रतिनिधियों को तीन माह में परामर्शदात्री समिति की बैठक बुलाने निर्देश हैं।

# आदेश के बाद भी 134 शिक्षकों ने नहीं ली ज्वाइनिंग, होगी निलंबन की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

युक्तियुक्तकरण के बाद रिक्त पदों वाले स्कूलों में ज्वाइन करने के आदेश का अब तक पालन नहीं हो पाया है। हाईकोर्ट ने 146 शिक्षकों की याचिका लगाने के बाद कलेक्टर को उनके मामले में फिर से सुनवाई करने कहा था। कोर्ट के आदेश पर इन शिक्षकों की सुनवाई पूरी हो चुकी है। जिला व संभाग स्तर पर की हुई सुनवाई में केवल 7 शिक्षकों को राहत मिली है। इस तरह 139 शिक्षकों को अपने आदेशित स्कूलों में ज्वाइनिंग देनी थी। हाल यह है कि इन शिक्षकों ने ज्वाइनिंग ही नहीं किया है। हालात को देखते हुए जिला शिक्षा विभाग ऐसे शिक्षकों को निलंबित करने की कार्रवाई करेगा।

## युक्तियुक्तकरण- सुनवाई के बाद केवल 7 शिक्षकों को मिल पाई थी राहत

### ज्वाइनिंग नहीं होने से स्कूलों में पढ़ाई प्रभावित

16 जून से सरकारी स्कूल खुले हैं। प्राइमरी, मिडिल, हाई व हायर सेकंडरी स्कूलों के शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण हुआ है। महीनेभर स्कूल शुरू हो गए हैं लेकिन शिक्षकों की कमी के चलते विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। इस बार आठवी को भी बोर्ड किया गया है। दसवी और बारहवी बोर्ड पहले से है। इसलिए बोर्ड परीक्षा के विद्यार्थियों की पढ़ाई सबसे ज्यादा प्रभावित हो रही है।

### जिला स्तर पर केवल 7 लोगों को राहत

जिला स्तर पर हुई सुनवाई में केवल 7 शिक्षकों को राहत मिली है। इन शिक्षकों के समक्ष अब यह समस्या आ गई है कि जितने रिक्त पद थे वे पहले से भर गए हैं। ऐसी स्थिति में वे अपने पुराने स्कूल में जा नहीं सकते। फिर भी जिले से बाहर जाने से वे बच गए। ये शिक्षकों ने ज्वाइनिंग भी दे दी है।




### ज्वाइनिंग नहीं देने वाले दुर्ग जिले के शिक्षक

| | |
|---|---|
| सहायक शिक्षक - | 10 |
| प्रधान पाठक प्राथमिक शाला- | 02 |
| व्याख्याता- | 02 |
| दुर्ग जिले से बाहर वाले शिक्षक- | 125 |

### संभाग स्तर पर 40 की सुनवाई पूरी

संभाग स्तर पर संभागीय आयुक्त के समक्ष सुनवाई की गई है। जिसमें दुर्ग जिले के 40 शिक्षकों की सुनवाई हुई। इनमें से संभाग आयुक्त ने संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग दुर्ग को कुछ ही शिक्षकों के परीक्षण करने कहा है। इस स्थिति में दुर्ग जिले के शिक्षकों ने ज्वाइनिंग देने में रूचि नहीं दिखा रहे।

### सोमवार को निलंबन आदेश

युक्तियुक्तकरण में जिन शिक्षकों ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था उनकी सुनवाई हाईकोर्ट के आदेश पर कलेक्टर के समक्ष हमने फिर से की। इसमें केवल 7 शिक्षक के प्रकरण मान्य हुए हैं। शेष शिक्षकों को स्कूलों में ज्वाइनिंग करने कहा गया था । शासन के निर्देश पर ज्वाइनिंग नहीं करने वालों को सोमवार निलंबन आदेश जारी कर देंगे।

-अरविंद कुमार मिश्रा, डीईओ दुर्ग

## बीएसपी ने किया कनेक्टकॉन पीआर कॉन्क्लेव का आयोजन

# जनसंपर्क की भूमिका संस्थागत विकास का आधार, तेजी से बढ़ रहा एआई का उपयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के जनसंपर्क विभाग द्वारा शुक्रवार को विश्व जनसंपर्क दिवस के उपलक्ष्य में भिलाई निवास के बहुउद्देशीय सभागार में राष्ट्र स्तरीय पीआर कॉन्क्लेव 'कनेक्टकॉन' का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि बीएसपी के निदेशक प्रभारी चितरंजन महापात्रा थे। कनेक्ट कम्युनिकेटक्रिएट थीम पर आधारित कॉन्क्लेव का उद्देश्य जनसंपर्क के क्षेत्र में नवीनतम प्रवृत्तियों, चुनौतियों, अवसरों और बदलते रुझान पर गहन विचार-विमर्श करना था। चितरंजन महापात्रा ने कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

सेल के राउरकेला, बोकारो, कार्पोरेट ऑफिस, वीआईएसएल, सीएसपी सहित जनसंपर्क पेशेवरों, उद्योग विशेषज्ञों और विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों विचार व्यक्त किए। संयंत्र के कार्यपालक निदेशक एस मुखोपाध्याय, एके चक्रवर्ती, पवन कुमार, बिपिन कुमार गिरी, डॉ .एम रवींद्रनाथ सहित मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी, मुख्य महाप्रबंधक तथा विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष आदि अधिकारी व विभिन्न विभागों के 30 इंटर्नल रिसोर्स पर्सन्स ने भी भाग लिया।

श्री महापात्रा ने जनसंपर्क विभाग के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि जनसंपर्क की भूमिका अब केवल मीडिया प्रबंधन तक सीमित नहीं रही, बल्कि यह किसी भी संगठन के संस्थागत विकास का एक रणनीतिक आधार बन चुका है। राष्ट्र निर्माण में इस्पात उद्योग की अहम भूमिका है। उन्होंने कहा संयंत्र द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य और आजीविका जैसे क्षेत्रों में व्यापक सीएसआर कार्यों के बाद विस्तार के समय हमें कई बार स्थानीय विरोध का सामना करना पड़ता है, जिनसे निपटने में जनसंपर्क विभाग की भूमिका अहम है । जीएम अमूल्य प्रियदर्शी ने स्वागत भाषण में कॉन्क्लेव' की थीम, महत्व और विभिन्न सत्रों की संक्षिप्त जानकारी दी।

## बीएसपी के अधिकारियों ने संचार, संबंध और रचनात्मकता पर किया मंथन



### एआई पर हुई पैनल चर्चा

प्रथम सत्र में इकाइयों से आए प्रतिनिधियों ने स्टील प्लांट्स में जनसंपर्क विभाग की कार्यप्रणाली, प्रमुख गतिविधियों पर जानकारी दी। वक्ताओं में उप प्रबंधक राउरकेला इस्पात संयंत्र के एसएस पटनायक; महाप्रबंधक वीआईएसल, भद्रावती के एलप्रवीण कुमार; सहायक प्रबंधक ,सीएफपी, चंद्रपुर की श्यामली लोखंडे; तथा वरिष्ठ प्रबंधक , बीएसएल, बोकारो के अभिनव शंकर शामिल थे। सेल कॉरपोरेट अफेयर्स डिवीजन, दिल्ली की ओर से डीजीएम मानिक भार्गव व एजीएम समन्विता घोष ने प्रस्तुति दी। डीजीएम बीएसपी अपर्णा चंद्रा द्वारा बीएसपी की जनसंपर्क नीतियों व रणनीतिक संप्रेषण पहलों पर प्रस्तुति दी। अध्यक्षता सीजीएम प्रभारी अनूप कुमार दत्ता ने ने सभी प्रस्तुतियों पर समीक्षा प्रस्तुत की। बाद जनसंपर्क प्रथाओं में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग विषय पर हुई पैनल चर्चा का नेतृत्व सीजीएम प्रभारी योगेश शास्त्री तथा पूर्व सीजीएम सौरभ सिन्हा ने किया। संचालन महाप्रबंधक बोन्या मुखर्जी ने किया।दूसरे पैनल सत्र सोशल मीडिया का उपयोगः जनसंपर्क के लिए नैतिकता एवं चुनौतियों की पुनर्परिभाषा विषय पर था। नेतृत्व शिपिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के पूर्व निदेशक एवं पूर्व प्रमुख एसपी जग्गी तथा जीएम अमूल्य प्रियदर्शी ने किया। साथ ही डीजीएम भारतीय स्टेट बैंक, आरके सिन्हा द्वारा वीडियो प्रस्तुति दी गई।



### लघु फिल्मों का प्रदर्शन

बीएसपी के जनसंपर्क विभाग द्वारा निर्मित कई लघु फिल्मों व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी हुई। विजेताओं को उपहार प्रदान किए गए। वरिष्ठ प्रबंधक बीएसएल अभिनव शंकर ने प्रथम व महाप्रबंधक वीआईएसएल एलप्रवीण कुमार को द्वितीय पुरस्कार मिला। डीजीएम बीएसपी नितिन अग्निहोत्री तृतीय रहे। निर्णायक मंडल में पूर्व पीआरओ बीएसपी विजय मैराल, पूर्व जीएम एसकदरिपा, पूर्व वरिष्ठ प्रबंधक सत्यवान नायक शामिल थे। समापन समारोह के मुख्य अतिथि ईडी पवन कुमार एवं विशिष्ट अतिथि सीजीएम संदीप माथुर उपस्थित रहे। अतितियों द्वाराविजेताओं, प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। पवन कुमार ने कहा कि जनसंपर्क एक निरंतर बदलता हुआ क्षेत्र है, जहाँ हर दिन नई प्रवृत्तियाँ सामने आती हैं। उन्होंने कहा, "रचनात्मक आलोचना सुधार के लिए आवश्यक है। जीएम प्रशांत तिवारी ने आभार प्रदर्शन व संचालन अपर्णा चंद्रा ने किया। कार्यक्रम में एजीएम बीएसपी जवाहर बाजपेई, एसककामड़े, तथा बीएसपी जनसंपर्क विभाग की टीम का विशेष योगदान रहा।

## गोदाम का ताला तोड़कर नकदी पार करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



सीमेंट गोदाम का ताला तोड़कर नगदी रुपए पार करने के मामले में पुलिस ने युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि जेवरा सिरसा में स्थित अल्ट्राटेक सिमेंट के गोदाम के ऑफिस का ताला तोड़कर अज्ञात ने नगदी रकम पार किया था। टेबल के ड्रॉज से रकम 84 हजार 400 रुपए गायब मिला। अल्ट्राटेक कंपनी से ऋषि अग्रवाल ने घटना की शिकायत पुलिस में की थी।

जांच में लेने पर मुखबिर ने सूचना पर पुलिस ने संदेही सिकोलाभाठा उरला बाम्बे नगर निवासी राजेन्द्र ठाकुर को पकडा गया। पूछताछ करने पर ुसने बताया कि 10 वर्षों से गोदाम में काम करता है। मजदूरो का पेमेंट के बाद बचा रकम को ड्रॉज में रखते है। चोरी करने की नियत से गोदाम के ऑफिस के प्लाई दरवाजे को तोडकर रात को घुसकर रुपए पार करना स्वीकार किया। आरोपी ने 15 हजार पीने खाने में खर्च किया। बचा नगदी 69 हजार 300 रुपए को अपने घर में रखना बताया। पुलिस ने तुरंत घर पहुंचकर जब्त किया। कार्रवाई में जेवरा सिरसा प्रभारी उनि खगेन्द्र पठारे से समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

## ओए ने भारत वन परियोजना स्थल पर किया पौधारोपण, सहेजने संकल्प




**भिलाई।** बीएसपी के द्वारा सीएसआर बीएसपी की परियोजना भारत वन नेवई में पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम में सीएसआर विभाग बीएसपी के द्वारा इस परियोजना की जानकारी ओए के पदाधिकारियों को प्रदान की गयी।

नेवई में स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय के समीप 17 एकड़ भूमि पर 114 प्रजाति की एक लाख आठ हजार पौधों का रोपण किया जा रहा है। परियोजना से इस क्षेत्र में पक्षियों की बसाहट बढ़ेगी तथा जैव विविधता को सुदृढ़ किया जा सकेगा। ओए अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार बंछोर ने कहा कि भारत वन परियोजना भविष्य में भिलाई को नई पहचान प्रदान करेगा। महासचिव परविन्दर सिंह सहित कोषाध्यक्ष अंकुर मिश्रा, उपाध्यक्ष तुषार सिंह, सचिव द्वय संजय तिवारी, ज्योति प्रकाश शर्मा एवं जोनल प्रतिनिधि राजेन्द्र मंत्री, डीपीएस बरार, मिलिंद बंसोड़, रेमी थॉमस, डॉ. नवीन जैन आदि उपस्थित थे।

## सीईओ ने की पीएम आवास निर्माण की समीक्षा

**दुर्ग।** जिला पंचायत सीईओ बजरंग कुमार दुबे की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री आवास (ग्रामीण) के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला समन्वयक, सहायक अभियंता, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), सहायक परियोजना अधिकारी मनरेगा, जनपद पंचायत दुर्ग एवं पाटन के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत, कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा, विकासखंड समन्वयक, समस्त नोडल अधिकारी, सचिव एवं आवास मित्र उपस्थित रहे।

## श्रीराम चौक पर तेज रफ्तार वाहनों को नियंत्रित करने लगाया गया स्टॉपर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

श्रीराम चौक हुडको में यातायात के भारी दबाव और आए दिन होने वाली दुर्घटना को लेकर स्थानीय लोगों ने मार्ग में स्टॉपर लगाने की मांग की गई थी।

- हुडकोवासियों ने ट्रैफिक पुलिस से की गई थी मांग



इसके बाद चौक के आसपास स्टॉपर लगाए गए। इसे लेकर पिछले दिनों कांग्रेस नेता जावेद खान ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा था। उन्होंने कहा था कि भिलाई-दुर्ग के लगभग सभी प्रमुख स्कूलों की बसें यहां से तेज रफ्तार में गुजरती हैं। इसके कारण अवागमन में बाधा उत्पन्न होती है। सड़क हादसे भी हो रहे हैं। इसके बाद उप पुलिस अधीक्षक सदानंद सिंह विंधयराज ने स्टापर लगवाने के निर्देश दिए।

स्टॉपर लगने से ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने और हादसों को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। जावेद खान ने पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

## हेल्थ विभाग में फैली अनियमितता और लापरवाही, कलेक्टर से शिकायत

**दुर्ग।** कांग्रेस ने स्वास्थ्य विभाग में अनियमितता और लापरवाही का आरोप लगाया है। इसे लेकर पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता कलेक्टर अभिजीत सिंह से मिले। उन्होंने भवन नियमितीकरण में हो रही देरी, 184 पदों की भर्ती प्रक्रिया को रद्द किए जाने, संविदा कर्मचारी की वेतन काटे जाने, मातृ शिशु अस्पताल में टीकाकरण की लचर व्यवस्था एवं हमर क्लीनिक में डॉक्टरों की कमी को लेकर व्यवस्था में सुधार की मांग रखी। इस दौरान जिला अस्पताल में जनता के सुविधा के लिए कैजुल्टी नंबर को पुनः शुरू करने का आग्रह किया गया। नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले, पूर्व सभापति राजेश यादव, छाया महापौर प्रेमलता साहू, पार्षद दीपक साहू, भास्कर कुंडले, ज्ञानदास बंजारे, पूर्व पार्षद भोला महोबिया सहित अन्य मौजूद थे।



- पूर्व मेयर बाकलीवाल ने कलेक्टर से मुलाकात कर दी जानकारी

## महापौर अलका बाघमार ने निगम अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

# मेयर ने फाइल अटकाने वाले अफसरों को लगाई फटकार, पानी सप्लाई की मॉनिटरिंग के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र के सभी वार्डों में जल आपूर्ति की व्यवस्था सुचारू रूप से जारी रखने व तकनीकी संसाधनों में आ रही खराबी की जानकारी लेने महापौर अलका बाघमार ने जलगृह अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने फाइलें पेंडिंग रखने वाले अफसरों की जमकर क्लास ली।

दो टूक शब्दों में कहा कि पानी मनुष्य की पहली आवश्यकता है। इसे ध्यान में रखकर इंटकवेल से लेकर फिल्टर प्लांट तक सभी मशीनरी सामग्री को नियमित चेक कर खराबी आने से पहले उनका वैकल्पिक व्यवस्था तैयार रखें।नियमित मॉनिटरिंग करते रहने निर्देश दिए। बैठक में निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल जल गृह प्रभारी लीना दिनेश देवांगन, नरेंद्र बंजारे, देवनारायण चन्द्राकर, कार्यपालन अभियंता आरके जैन सहित अन्य मौजूद थे। बैठक में गर्मी के दिनों में हुए जल संकट के बाद अब बारिश के दिनों में भी अनेक वार्डों में बार-बार हो रही जल संकट पर महापौर अलका बाघमार ने सख्त रुख अपनाते हुए कारणों को लेकर विस्तार से जानकारी ली। इस दौरान लीना देवांगन ने तकनीकी व मशीनरी सामग्री हेतु प्रशासनिक स्वीकृति के लिए गए फाइलें रुकने तथा समय पर उपकरणों की अनुपलब्धता से हो रही दिक्कतो से अवगत कराया।



महापौर अलका बाघमार ने फाइल दबाकर बैठने वाले अधिकारी को समय सीमा के अंदर फाइले निपटाने और इंटकवेल से लेकर फिल्टर प्लांट तक मोटर पम्प से लेकर सभी इलेक्ट्रिकल व उपकरण अपडेट रखने के निर्देश दिए।

### इंटकवेल में लगाए जाएंगे नए मोटर, एमआईसी से मंजूरी

बैठक में महापौर ने 24 एमएलडी प्लांट से संबंधित टंकियों में पर्याप्त पानी नही भरने की मुख्य वजह प्लांट की मोटर पम्प कमजोर होना है। इसे ध्यान में रखकर नया मोटर पंप खरीदने एमआईसी से स्वीकृति हो गई है। अब राशि स्वीकृति के लिए शासन को तत्काल भेजने के निर्देश दिए। साथ ही बिजली आपूर्ति भी सामान्य रखने फिल्टर प्लांट में अतिरिक्त सब स्टेशन के बचे कार्य पूर्ण करने कहा। ताकि विद्युत व्यस्था भी वैकल्पिक रूप से तैयार रहे। उन्होंने अधिकारियों को बड़ी लाइनों में हो रहे लीकेज को भी जल्द सुधारने कहा। अमृत मिशन के तहत नई पाइप लाइन से पानी आपूर्ति करने कहा। बैठक में जलगृह उप अभियंता मोहित मरकाम, विनोद मांझी, जलकार्य निरीक्षक नारायण ठाकुर मौजूद थे।


**पाठक सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

9300663610, 7489348301



हरिभूमि लाइव
रायपुर, शनिवार 19 जुलाई 2025
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
7747020002, Message at - 9755819129

04

सावन में दुपट्टे वाली गाउन ड्रेसेस को स्टाइल कर पाएं मॉडर्न लुक

● जैन युवा संघ के 140 सदस्य युवाओं को धर्म मार्ग में लाने चला रहे मुहिम

# चातुर्मास पर प्रवचनः स्वर्ण व रजत मुद्रा की कलश स्थापना और ध्वजारोहण होगा कल, 31 को मनाएंगे मोक्ष सप्तमी का पर्व

**श्रावण शुक्ल सप्तमी 31 जुलाई को पूरे विश्व में जैन समाज मोक्ष सप्तमी का पर्व मनाएगा। 23वें तीर्थकर श्री पार्श्वनाथ ने इसी तिथि में झारखण्ड स्थित पारसनाथ हिल के स्वर्णभद्र कूट, श्री सम्मेदशिखर से मोक्ष प्राप्त किया था।भिलाई-दुर्ग अंचल में विराजमान आर्यिका दुर्लभमती व आर्यिका अक्षयमती जी के ससंघ सान्निध्य में लगातार धार्मिक आयोजन किये जा रहे है। जिसमें जैन युवा संघ के 140 सदस्यों द्वारा निरंतर युवाओं को धर्म मार्ग में लाने की मुहीम चलाई जा रही हैं।**

**भिलाई।** इसी कड़ी में एक सप्ताह तक जैन युवा संघ द्वारा योग शिविर लगाकर सभी समाज के लोगों को योग से जुड़कर स्वस्थ रहने की प्रेरणा दी। युवा संघ के सचिन जैन, निशांत जैन व क्षितिज जैन की इसमें विशेष भूमिका रही।मोक्ष सप्तमी पर्व पूरे विश्व में केवल एक दिन मनाया जाता हैं लेकिन भिलाई का युवा संघ विगत 2 वर्षो से इसे लगभग 2 माह पूर्व से मनाने लग जाता हैं। वैशाली नगर में 20 जुलाई, नेहरू नगर में 27 जुलाई, पारसधाम रिसाली और 31 जुलाई को सभी मंदिरों में यह कार्यक्रम बड़े रूप में मनाया जायेगा। मल्लिनाथ दिगंबर जैन मंदिर रिसाली में भव्य मुकुट सप्तमी पर्व मनाया गया।

रिसाली जैन समाज व जैन युवा संघ के संयुक्त तत्वाधान में श्री पार्श्वनाथ पूजन व आचार्य श्री विद्यासागर की सामूहिक पूजन की गई।कार्यक्रम में प्रथम अभिषेक संतोष जैन, विमल जैन, सौरभ जैन, अमित जैन और प्रथम शांतिधारा ज्ञानचंद बाकलीवाल एवं परिवार, विमल जैन एवं परिवार को प्राप्त हुआ। त्रिशला महिला मंडल द्वारा निर्वाण लाडू चढ़ाने चढ़ाया गया। जैन समाज रिसाली के मंत्री व जैन युवा संघ के संरक्षक कमलेश जैन ने सभी कार्यकर्ताओं को 20 जुलाई को नेहरू नगर के कार्यक्रम में उपस्थित होने को कहा है।



## नेहरू नगर में कल गुरू माताजी का प्रथम बार चातुर्मास

भिलाई। नेहरू नगर जैन मंदिर में इस वर्ष गुरू माताजी का प्रथम बार चातुर्मास होने जा रहा है। नेहरू नगर जैन समाज द्वारा 20 जुलाई को चातुर्मास का स्थापना कलश स्थापित किया जाएगा। इस चातुर्मास की शुरुआत उद्योगपति अरविंद जैन द्वारा ध्वजारोहण कर किया जाएगा। स्थापना अवसर पर दुर्ग से शुक्रवार को दुर्लभ मति माता नेहरू नगर मंदिर पहुंची। आर्यका माता, अक्षय मति माता और निर्मदमति माता के मंत्र उच्चारण के साथ चातुर्मास कलश की स्थापना की जाएगी। यह कलश स्वर्ण एवं रजत मुद्रा में होंगे, जो 4 माह तक मंदिर में स्थापित रहेंगे। चातुर्मास के बाद पुर्याजक परिवार को इन्हें दिया जाएगा। 20 जुलाई को नेहरू नगर में जैन समाज द्वारा दोपहर 1 बजे शोभायात्रा मंगल कलश के साथ निकाली जाएगी। 2 बजे ध्वजारोहण एवं दीप प्रज्वलन के साथ ही आचार्य विद्यासागर महाराज के तेल चित्र का अनावरण किया जाएगा। इस दौरान आर्याका माता जी का प्रवचन भी होगा। कार्यक्रम में महिलाओं और बच्चों दवरा संस्कृत कार्यक्रम के साथ अन्य शहरों से आए अतिथियों का स्वागत एवं पुणयाजक परिवार का सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारी में संयोजक जितेंद्र जैन, सचिव क्षितिज उपाध्यक्ष, रमेश नाहर, सौरभ जैन, आनंद जैन, भरत गोधा, रवि कासलीवाल, वंदना जैन, अंकिता जैन और शास्त्रीय अनेकान्त जैन लगे हुए है।




## स्वच्छ मन मानव जीवन की सबसे बड़ी सम्पदा है- साध्वी लब्धियशाजी



मन की सरलता से मन की शुद्धि होती है। मन की शुचिता होने पर ही धर्म टिकेगा। शुचिता से सिद्धि का मार्ग प्रशस्त होगा। विचारों की निर्मलता से आचरण में निर्मलता आती है। शब्द, विचार, और भाव के अनुरूप मनःस्थिति बनती है। इसलिए मन की शुचिता के लिए शब्द, विचार और भावों को शुद्ध रखना चाहिए। यह बातें श्री उवसग्गहरं पार्श्व तीर्थ नगपुरा में चातुर्मास उत्सव अंतर्गत आचारांग सूत्र प्रवचन श्रृंखला में साध्वी लब्धियशा श्रीजी म सा ने कही।

### धर्म को अपनी आदत बनाएं, अंतरात्मा शुद्ध होगी

आराधकों को संबोधित करते हुए साध्वी ने कहा कि अन्तरात्मा जब शुद्ध होगी, तभी बाहय क्रिया कल्याणकारी बनेगा। धर्म को आदत में डालें। जागृति पूर्वक धर्म की प्रवृत्ति ऐसा हो कि नींद में भी उसकी पुर्नरावृति हो। मायावी और प्रमादी जीव बार-बार जन्म-मरण के चक्र में फंसा रहता है। स्वयं को प्रकाशित करने के लिए खुद को ही दीपक बनना होगा। जीव स्वयं कर्म करता है। स्वयं कर्म के फल-प्रतिफल को भोगता है। मायावी जीव तिर्यंच गति का आयुष बंध करता है। धर्म में सरलता होने के साथ ही धर्म श्रद्धापूर्वक करना चाहिए। धर्म सदाचार के साथ करना चाहिए। बुरी-से-बुरी परिस्थितियों में पड़ा हुआ मनुष्य भी अपनी कुशलता और मानसिक जागृति से देर-सवेर अच्छी स्थिति को प्राप्त कर सकता है। अपने सद्‌गुणों, सद् विचारों एवं सद् प्रयत्नों द्वारा मनुष्य बुरी परिस्थिति को पार करके ऊंचा उठ सकता है। शरीर को आलस, असंयम, उपेक्षा एवं दुर्व्यसनों में पड़ा रहने दिया जाय तो उसकी सारी विशेषताएँ नष्ट हो जायेगी। मन को भी कुसंस्कार ग्रस्त होने से सम्हाला न जाय, तो उसका कुसंस्कारी, दुर्गुणी, पतनोन्मुखी, आलसी एवं दीन - दरिद्र प्रकृति का बन जाना निश्चित है।

### स्वच्छ मन मानव जीवन का सबसे बड़ा धन

समय की बर्बादी शारीरिक नहीं मानसिक दुर्गुण है। स्वच्छ मन मानव जीवन का सबसे बड़ा धन है। मन की मलिनता प्रगति के द्वार बंद कर देती है। आत्मा साधना के मार्ग में आगे बढ़ने के लिए प्रमाद सबसे बड़ा शत्रु है। प्रमादी व्यक्ति जीवन में धर्मसाधना नहीं कर सकता। जो कार्य करने योग्य है उसके प्रति अरुचि तथा जो कार्य नहीं करने योग्य नहीं है उसमें रुचि यह प्रमाद है। प्रमाद में व्यक्ति अपना अमूल्य समय गंवा देता है।

# आईटीआई के छात्रों ने कबाड़ से बनाया गिटार

**भिलााई।** आईटीआई पावर हाउस के छात्रों ने कबाड़ से गिटार तैयार किया है। स्टूडेंट्स ने सालों से पड़े कबाड़ को कलाकृति में तब्दील कर दिया है। प्रिंसिपल तुसारकांत सतपुते के निर्देशन में रेलवे के कलाकार अशोक देवांगन के मार्गदर्शन में 15 फीट ऊंचे गिटार का निर्माण किया गया है। वेल्डिंग में आईटीआई कर रहे छात्रों के 2 अलग अलग बैच ने 2 अलग अलग गिटार का निर्माण किया, जो देखने में बड़ा ही सुन्दर है। इससे पहले अशोक देवांगन ने रेलवे के अप्रेटिस कर रहे हज़ारों छात्रों को प्रशिक्षण दे चुके हैं। उनकी बनाई हुई कलाकृति देश भर के विभिन्न रेलवे कारखानों में सुसज्जित है, वे विगत 20 वर्षों से लोहे के स्क्रैप पर काम कर रहे हैं। उनकी बनाई हुई कलाकृतियों को लिम्का बुक ऑफ रिकार्ड, व गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज किया है। आईटीआई छात्रों को यहां वे निशुल्क प्रशिक्षण दे रहे हैं। गिटार निर्माण में प्रशिक्षण अधिकारी पंकज बेलचंदन, प्रशिक्षण अधिकारियों का भी महत्वपूर्ण योगदान मिल रहा है। गिटार को रंग रोगन कर इसे भिलाई शहर के किसी अच्छे स्थल पर लगाया जाएगा। प्रिंसिपल सतपुते के अनुसार कलाकृति निर्माण का मुख्य उद्देश्य छात्रों को नया स्किल सिखाना है, जिसमें और भी कलाकृति निर्माण व अन्य स्किल सिखाए जाएंगे।

- कलाकृति निर्माण का मुख्य उद्देश्य छात्रों को नया स्किल सिखाना
- 15 फीट ऊंचे गिटार का किया निर्माण, 2 अलग-अलग बैच ने 2 अलग-अलग गिटार का किया निर्माण



## बीटेक ग्रेज्युएशन पाठ्यक्रम के दूसरे चरण की काउंसिलिंग 4 को



**भिलाई।** कामधेनु यूनिवर्सिटी के अंतर्गत आने वाले विज्ञान एवं खाद्य प्रौद्योगिकी कॉलेज रायपुर में बीटेक (डेयरी टेक्नोलॉजी) स्नातक पाठ्यक्रम की काउंसिलिंग का दूसरा चरण शुरू हो चुका है। काउंसिलिंग 4 अगस्त को होगी। प्रथम चरण की कांउसिलिंग 14 जुलाई को की गई। इसके बाद रिक्त 35 सीटों पर प्रवेश के लिए दूसरे चरण की काउंसिलिंग होनी है। इसके लिए ऑनलाइन पंजीयन पोर्टल 15 जुलाई से खोल दिया गया है। पंजीयन की अंतिम तिथि 21 जुलाई निर्धारित की गई है। अभ्यर्थी ऑनलाईन पंजीयन करा सकते हैं। इस बारे में अधिक जानकारी यूनिवर्सिटी की वेबसाइट से भी ली जा सकती है। अधिकारियों ने बताया कि प्रसंस्करण की महत्ता को देखते हुए भारत शासन द्वारा वेतक्रांति का संचार, गहन डेयरी विकास कार्यक्रम, शुद्धध दुग्ध उत्पादन हेतु बुनियादी अधोसंरचनाओं काविकास, डेयरी प्रसंस्करण के क्षेत्र में उद्यमिता विकास, स्टार्टअप कार्यक्रम के अंतर्गत रोजगार मुखी पाठ्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

लाइव इवेंट

## पढ़ाई के दौरान स्ट्रेस को दूर करने पेंटिंग प्रदर्शन आज, कलाकार देंगे टिप्स



**भिलाई।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रानीतराई में छत्तीसगढ़ के प्रख्यात मॉडर्न आर्ट चित्रकार डी.एस.विद्यार्थी तथा मूर्तिकार डॉ. अंकुश देवांगन की एक दिवसीय कला प्रदर्शनी लगाई जाएगी। 19 जुलाई को लगने वाले इस प्रदर्शनी में विद्यार्थी की माडर्न आर्ट पेन्टिंग तथा अंकुश की दुनिया की सबसे छोटी मूर्तियां और चावल के दानों पर बने चित्रों को प्रदर्शित किया जाएगा। इस दौरान दोनो कलाकार स्कूली बच्चों को निशुल्क चित्रकला का प्रशिक्षण देंगे साथ ही वर्तमान समय में कला के माध्यम से पढ़ाई के स्ट्रेस को दूर करने की टिप्स भी देंगे। प्रिंसिपल कल्याणी देवांगन और कार्यक्रम संयोजक ललित ठाकुर ने बताया कि यह अपने तरह का अनोखा आयोजन है। दोनों कलाकारों के पेंटिंग की प्रदर्शनी बस्तर के धुर नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में भी लगाई गई थी। जहां संसाधनों के अभाव में पेड़ों पर रस्सी बांधकर पेन्टिंग दिखाई जाती है। विद्यार्थी वर्तमान में वे गीता के 700 श्लोकों पर पेन्टिंग बनाने का ऐतिहासिक कार्य कर रहे हैं।

- हायर सेकंडरी स्कूल रानीतराई में चित्रकार डीएस विद्यार्थी के कला की प्रदर्शनी

सिटी इवेंट

## राज्य में एक लाख में 137 गर्भवती की मौत अधिक ब्लड जाने से : डॉ. ध्रुव

**भिलाई।** देश में महिलाओं की सबसे ज्यादा मौत डिलीवरी के दौरान पीपीएच (अधिक ब्लड जाने) से होती है। यह प्रसव के दौरान मौतों का 25-38% है। जिला अस्पताल की मेटरनिटी विभाग प्रभारी डॉ. विनीता ध्रुव ने उक्त बातें कहीं। उन्होंने बताया कि प्रतिवर्ष छत्तीसगढ़ में एक लाख में 137 माता मृत्यु होती है। जिला चिकित्सालय दुर्ग में अप्रैल 2024 से मार्च 2025 तक टोटल डिलीवरी 8004 हुई है, जिसमें 5 माता मृत्यु ब्रॉड डेथ है। यह 0.06% है, जो बहुत कम है।



इससे ये साबित होता है कि जिला चिकित्सालय के मदर एन चाइल्ड यूनिट के डॉक्टर एवं स्टाफ अपने कार्य के प्रति कितने सजग एवं ईमानदार है। ये उनकी सतर्कता का ही नतीजा है कि हमारे यहां मेटरनल डेथ कम होती है। पीपीएच किसी भी महिला को कभी भी हो सकता है। अच्छी खासी डिलीवरी वाली महिला डेढ़ महीने में कभी भी सीरियस हो सकती है। डॉ. ध्रुव 17 हजार से ज्यादा डिलीवरी कर चुकी हैं।


### मानसिक स्वास्थ्य बड़ा रोल अदा करता है

डॉ. ध्रुव ने बताया कि आरती मारकंडे की डिलीवरी भी बहुत अच्छे से हुई, लेकिन वह महिला बार-बार लेबर रूम के स्टाफ से बोल रही थी कि मुझे इस बार लड़का होना चाहिए। पिछली बार लड़की हुई थी। मेरी सास ने मुझे घर से निकल दिया था। जब उसकी डिलीवरी हुई, उस वक्त उसकी ब्लीडिंग नॉर्मल थी। जच्चा-बच्चा दोनों स्वास्थ थे, लेकिन जैसे ही उसे पता चला कि उसको दूसरी भी लड़की हो गई है, तो ब्लीडिंग जाना शुरू हो गया। तुरंत उसे सारे लाइफ सेविंग दवाएं दी गई। ओटी शिफ्ट किया गया। ब्लीडिंग बंद ही नहीं हो रही थी। 6 बॉटल खून की व्यवस्था की गई। जान बचाने के लिए बच्चेदानी निकालनी पड़ी। इससके बाद भी महिला को बचाया नहीं जा सका।

सिटी इवेंट

## माता कौशल्या की जन्मस्थली पर पढ़े जाएंगे शोधपत्र, सांसद को मिलेगा चिन्हारी सम्मान

**भिलाई।** साहित्य, कला, संस्कृति की बहुआयामी संस्था चिन्हारी के रजत जयंती वर्ष में इस बार छत्तीसगढ़ में स्थित माता कौशल्या की जन्मभूमि कोसला पर विशेष फोकस रहेगा। इस संदर्भ में अकादमिक शोधपत्र पढ़े जाएंगे। सम्मान व पुस्तक विमोचन समारोह भी रखा गया है। समारोह का आयोजन 20 जुलाई को दोपहर 2 बजे से आईसीएआई भवन अपेक्स बैंक के बाजू सिविक सेंटर भिलाई में किया जा रहा है। इस दौरान ब्राजील में संपन्न ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व करने के दुर्ग सांसद विजय बघेल को चिन्हारी सम्मान-2025 से विभूषित किया जाएगा। वहीं कार्यक्रम के प्रदेश अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद पारकर के संपादन में प्रकाशित पुस्तक माता कौसल्या जन्मभूमि कोसला का विमोचन होगा। निषाद समाज जन जागरण समिति छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष कुलेश्वर प्रसाद निषाद ने बताया कि इस अवसर पर मुख्य अतिथि आचार्य डॉ. अरुण दिवाकर नाथ वाजपेयी कुलपति-अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर होंगे। अध्यक्षता दुर्ग सांसद विजय बघेल करेंगे। विशिष्ट अतिथि नीलू शर्मा अध्यक्ष-छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल और डॉ. राजकुमार सचदेव हिन्दी विभाग-स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम महाविद्यालय बिलासपुर होंगे। दुर्गा प्रसाद पारकर और कुलेश्वर प्रसाद निषाद ने इस अवसर पर उपस्थिति की अपील की है। आयोजन में श्रीराम की माता कौशल्या की जन्मभूमि कोसला पर अकादमिक शोधपत्र पढ़े जाएंगे।




- बहुआयामी संस्था चिन्हारी के रजत जयंती वर्ष पर समारोह कल

छग राज्य सब-जूनियर अंडर-15 शतरंज स्पर्धा का तीसरा चरण शुरू

कार्नर न्यूज

# राज्य सब-जूनियर अंडर-15 शतरंज स्पर्धा में हुए रोमांचक मुकाबले, प्रभमन, आलोक व सालिक की शानदार जीत



भिलाई। ऑल इंडिया चेस फेडरेशन के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ द्वारा राज्य सब जूनियर शतरंज चैंपियनशिप 2025 का 17 से 20 जुलाई तक सेक्टर 6 भिलाई स्थित अग्रसेन भवन में आयोजन किया गया है। स्पर्धा के पहले व दूसरे दिन छत्तीसगढ़ राज्य सब-जूनियर अंडर-15 के तृतीय चक्र में अनेक रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। 9 चक्रों में खेले जाने वाली राज्य सब जूनियर फिडे रेटेड शतरंज चैंपियनशिप में राज्य के कुल 213 शतरंज प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया है। जिसमें अंडर 15 बालक वर्ग में 158 तथा बालिका वर्ग में 55 खिलाड़ियों ने भाग लिया है। जिसमें 50 फिडे रेटेड खिलाड़ी हैं।



### खेल को खेल भावना से खेलने के लिए किया प्रेरित

ऑल इंडिया चेस फेडरेशन छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ द्वारा खेल एवं युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ शासन, अग्रसेन जन कल्याण समिति एवं अग्रवाल महिला समिति भिलाई के सहयोग से जिला शतरंज संघ दुर्ग द्वारा आयोजित राज्य सब जूनियर शतरंज चैंपियनशिप के तृतीय चक्र का शुभारंभ समाजसेविका निर्मला राठी और अंतराष्ट्रीय महिला खिलाड़ी वूमेन फिडे इंस्ट्रक्टर किरण अग्रवाल की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर निर्मला राठी और किरण अग्रवाल ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए खेल भावना से खेलने एवं अच्छे खेल प्रदर्शन करने की बातें कही।

### प्रतिभागियों ने किया शानदार प्रदर्शन

जिला शतरंज संघ दुर्ग के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत सचिव तुलसी सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रथम बोर्ड पर कोरबा के दीपक सिंह एवं प्रभमन सिंह मल्होत्रा के बीच खेले गए मैच में काले मोहरों से खेलते हुए प्रभमान ने हंट गैम्बिट के तहत 2 पॉन अटैक करते हुए शानदार आक्रामकता दिखाई और गहरी रणनीति से मैच जीत लिया। वहीं दूसरे बोर्ड पर रायपुर के आलोक कनोजे ने सफेद मोहरों से इटालियन ओपनिंग खेलते हुए 31वीं चाल में रायगढ़ की स्वरा बोरखडे को मात दी। स्वरा ने सिसिलियन डिफेन्स की कैनाल मेन लाइन अपनाते हुए प्रारंभिक चालों में कड़ी टक्कर दी, परंतु आलोक की सटीक योजना के आगे उन्हें हार स्वीकार करनी पड़ी। तृतीय बोर्ड पर रायपुर की प्रतिष्ठा अहिरवार ने इटालियन ओपनिंग के माध्यम से आक्रामक शुरुआत की, लेकिन राजनांदगांव के सालिक नवाज़ ने कारो-कैन एक्सचेंज वेरिएशन का उत्कृष्ट उपयोग करते हुए नियंत्रण बनाए रखा और मैच अपने पक्ष में कर लिया। प्रतियोगिता के चीफ आर्बिटर अंतरराष्ट्रीय निर्णायक अलंकार भिवगड़े के साथ रॉकी देवांगन एवं शुभम बसोने डिप्टी चीफ आर्बिटर और फिडे आर्बिटर हर्ष शर्मा भी सहायक आर्बिटर के रूप में संचालन किया। प्रतियोगिता में पूरे राज्य से प्रतिभावान खिलाड़ी बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे है और आने वाले चक्रों में मुकाबले और भी रोमांचक होंगे।

**3 अंको के साथ टॉप में रहे 15 खिलाड़ी:** 3 अंको के साथ टॉप 15 खिलाड़ियों में प्रभमन सिंह मल्होत्रा, अंशिका मिंज भव्यम झावर, आलोक कनोजे, सालिक नवाज, देवांश जैन, ऋषित अग्रवाल, वी विराट अय्यर, शिल्प कुमार घोड़ेसवार, सोमिल चांदनी, ईशान सैनी, अलंकृत सिंह, प्रांजल सिंह, अद्वैत पांडे और अंशुल शर्मा ने बेहतरीन प्रदर्शन कर टॉप में स्थान बनाया।

सिटी इवेंट

## कलिंग उत्सव अंतरराष्ट्रीय नृत्य में अद्रिजा का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**भिलाई।** ओडिशा की सांस्कृतिक राजधानी कटक में उत्कल युवा सांस्कृतिक संघ द्वारा आयोजित भव्य कलिंग उत्सव 2025 अंतरराष्ट्रीय नृत्य एवं संगीत महोत्सव में दुर्ग की अद्रिजा सिंह रावत ने कथक नृत्य शैली में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कृष्णा प्रिया कथक केंद्र दुर्ग की तीसरे वर्ष की शिष्या एवं डीपीएस दुर्ग की कक्षा 7वीं की छात्रा अद्रिजा ने जूनियर कैटेगरी में भाग लेते हुए ऐसा मनमोहक प्रदर्शन किया। उन्हें पूरे भारत वर्ष से चयनित प्रतिभागियों में द्वितीय पुरस्कार से नवाज़ा गया। उनकी प्रस्तुति न केवल शुद्ध शास्त्रीय शैली में थी। बल्कि उसमें गहराई, सौंदर्य, आत्मा और कथात्मक अभिव्यक्ति भी स्पष्ट रूप से दिखाई दी। उन्होंने अपने नृत्य के माध्यम से ओडिशा की सांस्कृतिक गरिमा और कथक की परंपरा को सुंदर रूप से मंच पर प्रस्तुत किया। उपासना तिवारी का मानना है कि अद्रिजा सिंह रावत जैसी बाल प्रतिभाएं छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक परंपरा को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठा दिलाने में सक्षम हैं।अपनी माँ डॉ. निधि रावत का सतत प्रोत्साहन उन्हें प्राप्त होता रहा है। इस उपलब्धि पर डीपीएस दुर्ग के प्राचार्य यशपाल शर्मा, कक्षा शिक्षिका किरण तिवारी एवं समस्त शिक्षकों ने अद्रिजा को शुभकामनाएं दी। स्कूल प्रशासन ने कहा कि अद्रिजा जैसी होनहार छात्रा पूरे विद्यालय का गौरव हैं और उनके समर्पण तथा अनुशासन से अन्य छात्र-छात्राओं को भी प्रेरणा मिलती है।

सिटी लाइव

## होम्योपैथिक क्षेत्र में योगदान के लिए डॉ. प्रदीप चौधरी सम्मानित



**भिलाई।** आयुष्मान कॉन्क्लेव और अवार्ड-2025 में उत्कृष्ट कार्य के लिए चिकित्सकों को सम्मानित किया गया। होम्योपैथिक जगत में योगदान के लिए भिलाई के चिकित्सक डॉ. प्रदीप चौधरी का सम्मान किया गया। वे 18 वर्षों से स्मृति नगर में सेवाएं दे रहे हैं। पिछले दिनों उन्हें पद्मश्री डॉ. विलास राव डांगरे द्वारा भी सम्मानित किया। वे भारतीय जनता पार्टी चिकित्सा प्रकोष्ठ के संयोजक हैं। डॉ. चौधरी की स्कूलिंग भिलाई में हुई। इसके बाद उच्च शिक्षा उन्होंने मैसूर और बेंगलुरु से ग्रहण की। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री अरुण साव थे। अध्यक्षता श्याम बिहारी जायसवाल ने की। कार्यक्रम में सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक पुरंदर मिश्रा, मोतीलाल साहू, अनुज शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

सिटी इवेंट

## सौर्य ऊर्जा विकसित भारत की ओर बढ़ने वाला एक कदम



**भिलाई।** सुपेला स्थित एक निजी होटल में सौर्य ऊर्जा पर आधारित एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों के प्रति जनजागरूकता फैलाना और आमजन को सौर ऊर्जा के लाभों से परिचित कराना था। कलेक्टर अभिजीत सिंह आयोजन में शामिल हुए। उन्होंने कहा सौर ऊर्जा न केवल पर्यावरण के लिए लाभकारी है, बल्कि यह आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक बड़ा कदम है। हमें आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ और हरित भविष्य सुनिश्चित करना है। चेम्बर महामंत्री अजय भसीन ने हरित क्रांति में सहयोगी बनने की अपील की। संजय मिश्रा ने सौर पैनल की तकनीकी जानकारी, सरकारी योजनाएं, सब्सिडी और स्थापना की प्रक्रिया पर प्रकाश डाला। चेयरमेन दिनकर बासोतिया, सलाहकार अनिल शर्मा, अनिल जेठानी, रोहन कुकरानीया, लल्लन तिवारी, शमन नथानी, उद्योग चेम्बर अध्यक्ष जेपी गुप्ता, मनोहर कृष्णानी सहित अन्य मौजूद थे।

■ सौर्य ऊर्जा पर एक दिवसीय जागरुकता कार्यक्रम में पहुंचे कलेक्टर अभिजीत सिंह

## सरस्वती शिशु मंदिर में गुरु पूर्णिमा उत्सव 20 को

**भिलाई।** सरस्वती शिशु मंदिर बाजार चौक भिलाई 3 में राष्ट्र सेविका समिति माँ दन्तेश्वरी शाखा देवबलोदा द्वारा 20 जुलाई को गुरु पूर्णिमा उत्सव मनाया जाएगा। कार्यक्रम दोपहर 3 से 4 बजे तक स्कूल परिसर में ही आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. अन्नू कोहली उपस्थित रहेंगी। वहीं मुख्य वक्ता के रूप में भिलाई नगर बौद्धिक प्रमुख बृजलता शर्मा उपस्थित रहेंगी।

● छत्तीसगढ़ महिला चैम्बर की समाज में बदलाव की उम्मीद और सशक्तिकरण की नई पहल...

# महिलाओं को रोजगार से जोड़ने अभियान, चार साल में 51 को बनाया आत्मनिर्भर, दिवंगतों के घर भोजन पहुंचाने शुरू की मुहिम

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ महिला चैम्बर ऑफ कामर्स दुर्ग-भिलाई इकाई समाज में बदलाव की उम्मीद और नारी सशक्तिकरण की एक नई पहल के रुप में पिछले 5 सालों में तेजी से उभर रही है। यह मंच नारी शक्ति को पहचान दिलाने और समाज में बदलाव की दिशा में कदम बढ़ाने का प्रतीक है। जिससे महिलाएं स्वावलंबन की दिशा में स्व रोजगार स्थापित कर आगे बढ़ते हुए आर्थिक रुप से मजबूत हो रही है। इसी कड़ी में महिला चैंबर द्वारा पिछले 3-4 सालों में लगभग 51 जरुरतमंद महिलाओं को स्वावलंबी बनाने हर संभव मदद की जिससे आज वे अन्य जरुरतमंदो को रोजगार दे रही है। इन महिलाओं का कहना है कि भिलाई महिला चेम्बर ने न केवल महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया, बल्कि समाज में बदलाव की एक उम्मीद भी जगाई है। उन्होंने अपनी मेहनत, संकल्प और संगठन शक्ति से हर महिला के सपनों को साकार करने का प्रयास किया है। रंजिता कौर वैशाली नगर में कैफे खोलकर घर चला रही है वहीं रिसाली की राधिका यादव बुटिक का व्यवसाय करते हुए अन्य लोगो को रोजगार भी दे रही है।



### महिलाएं अपने सपने को साकार करने का दे रही संदेश

महिला चैंबर का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना रहा है। जिसमें 51 महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाकर उनके कार्यों, आत्मविश्वास, मेहनत से उनके सपनों को साकार करने और समाज में उनकी पहचान नई पहचान बनाने में मदद की। इसके लिए फूड प्रोसेसिंग और विभिन्न उत्पादों के निर्माण जैसे कौशल विकास कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। इन प्रयासों से रुचि शर्मा, पुष्पा रखना, राधिका, और रघुनंदन जैसी महिलाओं ने अपने व्यापार शुरू किया और अपने सपनों को सच किया। जो हर महिला को सपने देखो और उन्हें साकार करने का साहस रखो का संदेश दे रही है।

### पिछले कुछ सालों में बढ़ा महिला चैंबर का कद

पिछले 4-5 सालों में महिला चैंबर का कद तेजी से बढ़ा है। जिसमें बाजारों को सशक्त करने और व्यापार को बढ़ावा देने के लिए सावन संग व्यापार कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं को व्यापार और मनोरंजन के साथ जोड़ा है। वहीं चलो बाजार अभियान चलाकर ऑनलाइन शॉपिंग के बढ़ते प्रभाव के खिलाफ एक मजबूत संदेश दिया। इस पहल ने स्थानीय बाजारों को फिर से जीवित किया और छोटे व्यापारियों को नई ऊर्जा दी।

### बाजार में बनाई नई पहचान

रंजिता कौर वैशाली नगर में रघुनंदन कैफे खोलकर घर चला रही है वहीं रिसाली की राधिका यादव ने बुटिक का व्यवसाय करते हुए अन्य लोगो को रोजगार दे रही है। रुचि शर्मा, पुष्पा रखना, राधिका और रघुनंदन सहित अन्य महिलाओं ने बाजार में रेस्टोरेंट, कास्मेटिक व कपड़ों की दुकान आदि खोलकर वृहद रुप से व्यापार करते हुए बाजार में एक नई पहचान बनाई है। इन उद्यमियों का कहना है कि महिला चैंबर भिलाई इकाई ने यह साबित कर दिया कि जब महिलाएं एकजुट होती हैं, तो वे हर क्षेत्र में बदलाव ला सकती हैं।



### कुटुंब प्रबोधन कार्यशाला: व्यापार में महिलाओं की भूमिका पर होगी चर्चा

इसी क्रम में व्यापार महोत्सव 2025 के अंतर्गत महिला चैंबर द्वारा कुटुंब प्रबोधन जैसी कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बेटी से बहू तक की यात्रा और इस सफर में मां और सास की भूमिका, परिवार और व्यापार में महिलाओं की भूमिका, नशे में डूबते परिवार, डिप्रेशन की बढ़ती समस्या और इसके समाधान और आधुनिकता का सही अर्थ सहित विभिन्न विषयों पर गहन चर्चा की जाएगी।

**सावन संग व्यापार में होगा शपथ ग्रहण:** इसी कड़ी में महिला चैंबर की नई कार्यकारिणी का सावन संग व्यापार का आयोजन नव निर्वाचित अध्यक्ष सुमन कन्नौजे, संरक्षक गीता वर्मा और सरोजनी पाणिग्रही के नेतृत्व में किया जाएगा।इस दौरान नई कार्यकारिणी की घोषणा भी की जाएगी। प्रदेश महामंत्री अजय भसीन व भिलाई चेम्बर अध्यक्ष गारगी शंकर मिश्रा ने बताया कि बीते कुछ वर्षो में महिला चैंबर बाजार में व्यापारी के रुप में आगे बढ़ रही।

**दिवंगत के घर में निशुल्क पहुंचाएंगे भोजन:** अध्यक्ष सुमन कन्नोजे का कहना है कि वे महिला उद्यमियों को आगे बढ़ाने, उनके प्रशिक्षण, सशक्तिकरण और व्यापारिक अवसरों के विस्तार के लिए ठोस कार्य योजनाएं लागू करेंगी। अपने तीन साल के कार्यकाल में नई पहल करते हुए महिला चैंबर को जानकारी मिलने पर किसी भी गमी परिवार में निशुल्क भोजन पहुंचाएगे। वे चेम्बर की महिला इकाई की भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता कार्यक्रम, कार्यशालाएं और नेटवर्किंग मंच प्रदान करेंगी।

खुशहाली की मुरादों के साथ भेजी चादर

## भिलाई से अकीदतमंदों ने ताजबाग भेजी उर्सपाक की चादर, नागपुर में 103 वें उर्स की तैयारियां



**भिलाई।** हजरत बाबा ताजुद्दीन औलिया रहमतुल्लाह अलैह नागपुर का 103 वां उर्स पाक 18 जुलाई से मनाया जाएगा और शाही संदल 22 जुलाई को निकलेगा। वहीं 25 जुलाई बड़ा कुल शरीफ होगा जिसकी तैयारियां ताज बाग नागपुर में पूरी कर ली गई है। इसी सिलसिले में साक्षरता चौक कैम्प-1 के सामने स्थित ताज दरबार नानी अम्मा भिलाई में हजरत बाबा ताजुद्दीन औलिया सेवा समिति भिलाई की ओर से अकीदतमंदों की मुरादों के साथ चादर पेश की जा रही है। जिसके लिए गुरुवार 17 जुलाई को भिलाई के ताज दरबार में अकीदतमंद इकट्ठा हुए और बाबा ताज की परचम कुशाई की गई। इस दौरान भिलाई वासियों की खुशहाली के लिए सभी की मुरादों को साथ लेकर हजरत बाबा ताजुद्दीन औलिया रहमतुल्लाह अलैह के नागपुर स्थित आस्ताने पर पेश की जाने वाली चादर को खूब सजाया गया और ताज बाग नागपुर जाने की तैयारियां पूरी की गई। इस मौके पर बाबा ताज के भिलाई आस्ताने पर चादर पोशी भी की गई और बाबा को लोबान पेश की गई। इसके बाद फातिहा दिलाई गई और शरीक हुए लोगों के लिए खुशहाली की दुआएं की गई।

### आखिर में बाबा को सलाम पेश किया गया

भिलाई से ताजबाग नागपुर भेजी जा रही मुरादों की चादर के बारे में हजरत बाबा ताजुद्दीन औलिया सेवा समिति भिलाई की अध्यक्षा ताज अंजुम ताजी व ताज दरबार नानी अम्मा की अध्यक्षा हज्जन बदरुन निसां ताजी और गद्दी नशीन मोहम्मद सादिक ताजी ने बताया। वहीं बाबा ताज के मुरीदों ने हजरत बाबा ताजुद्दीन औलिया सेवा समिति का आभार जताया कि जो जायरीन ताज बाग नागपुर नहीं जा पाते हैं उन सभी की मुरादें इस चादर के जरिये से बाबा ताज तक पहुंच पाएगी। इस मौके पर बाबा ताज नानी अम्मा को चाहने वाले लोग बड़ी तादाद में मौजूद थे।

मंदिर की गतिविधियों की दी जानकारी

## गजानन मंदिर में बनेगा भक्त निवास भवन, निर्माण शुरू



**दुर्ग।** गजानन महाराज मंदिर आर्य नगर में भक्त निवास का निर्माण किया जाएगा। इसका भूमिपूजन सांसद विजय बघेल ने किया। इस अवसर पर उनकी पत्नी रजनी बघेल, महापौर अलका बाघमार, योगेश चांडक सहित अन्य मौजूद थे। मंदिर समिति के अध्यक्ष राजेश रडके ने मंदिर की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर विजय बघेल ने मंदिर समिति को बधाई देते हुए उनके इस महती कार्यक्रम को पूरा करने के लिए अपेक्षित सहयोग का भरोसा दिलाया। उन्होंने हर संभव मदद करने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन सुधीर पाटणकर ने किया। आभार प्रदर्शन सचिव प्रशांत डोण्गावकर ने किया।इस अवसर पर पार्षद संजय कोहले, अजीत वैद्य उपस्थित थे। यह जानकारी मंदिर समिति के प्रचार प्रमुख प्रमोद बेडे ने दी।

**सांसद विजय बघेल ने किया स्वीकृत कार्यों का भूमिपूजन**

सत्व एग्जीबिशन का आयोजन आज, मिले फंड से मंदिर में करेंगे चैरिटी

कार्नर न्यूज

# महिलाओं की पहल से जगन्नाथ मंदिर की बनेगी बाउंड्रीवॉल, एग्जीबिशन के फंड से होगा सहयोग

**भिलाई।** कोसानगर का जगन्नाथ मंदिर अब सवंरने वाला है। 10 साल पहले बने इस मंदिर की बागडोर अब महिला समिति के हाथों में आ चुकी है और अब समिति के साथ विभिन्न समाजों व संपन्न परिवारों की महिलाएं भी स्वस्फूर्त आगे होकर मंदिर की बाउंड्रीवॉल बनाने और मंदिर से जुड़े अन्य प्रकार से मदद करते हुए अध्यात्म से जुड़कर सेवाकार्य रही है। कोसानगर में बने भगवान जगन्नाथ के मंदिर को संवारने में मदद के लिए विभिन्न समाजों की महिलाएं आगे आई हैं। वे मंदिर समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों के साथ मिलकर वहां पर बाउंड्रीवॉल निर्माण सहित अन्य विकास कार्यों में सहयोग करेंगी। जिसके लिए महिलाओं द्वारा शनिवार को सत्व एग्जीबीशन का आयोजन चौहान इंपीरियल में किया गया। जिससे प्राप्त राशि से मंदिर का बाउंड्रीवॉल बनाया जाएगा। इस नेक कार्य में धीरे-धीरे लोग खुद से जुड़ रहे है।



### आज लगेगा सत्व 2025 का एग्जीबिशन

श्री जगन्नाथ शक्ति मंडल की फाउंडर मेंबर्स और सत्व एग्जीबिशन की संध्या अग्रवाल, शोभा जैन, अंजना गोयल, सरिता जैन, सोनू केजरीवील, शोभा जैन, तनुश्री अग्रवाल, कृष्णा, आशा, सुनयना अग्रवाल, कंचन राइका, दीपाली अग्रवाल ने बताया कि मंदिर के बाउंड्रीवाल का निर्माण कराने के लिए काफी पैसे लगेगा। इस लिए सत्व एग्जीबिशन लागाया जा रहा है इससे इकट्ठे हुए रकम से बांऊड्रीवॉल बनाया जाएगा। जिसमें दुर्ग-भिलाई, राजनांदगांव, रायपुर, मुंबई से आए लोग भगवान की पोशाक, ज्वैलरी, एंटीक शोपीस, साड़ी सहित अन्य चीजों के स्टाल लगाएंगे। एग्जीबिशन में की शुरुआत पूनम रिकेश सेन द्वारा किया जाएगा।

### लोगो ने मिलकर बनवाया मंदिर

कोसानगर में 10 साल पहले बने इस मंदिर का निर्माण बस्ती के कामकाजी महिला, पुरुषों ने जनसहयोग से कराया है। खास बात यह है कि इसका संचालन हर महीने उन्हीं के योगदान से किया जा रहा है। उनके इस भक्ति भाव को देखते हुए महिलाओं ने एकजुट होकर मदद के लिए कदम बढ़ाया।हालांकि नेहरू नगर व आसपास की महिलाएं पहले भी मंदिर निर्माण के समय से किसी न किसी माध्यम से सहयोग करती आ रही हैं, लेकिन अब यहां बड़े कामों के लिए भी पहल की जा रही है।

### हर महीने करते स्वैच्छा दान

समिति की अध्यक्ष कौशल्या त्रिलोचन कुमार ने बताया कि बस्ती में रहने वाले सभी परिवार कामकाजी है। है। इसके बाद बावजूद वे हर महीने अपने वेतन से श्रद्धा के अनुसार मंदिर के लिए दान करते हैं। इसी से मंदिर का संचालन आज तक किया जा रहा है। अब आगे महिला समिति के सहयोग से मंदिर का विकास मिलकर कराएंगे। मंदिर के संस्थापक घासीराम बाग है और वर्तमान में मंदिर समिति में सचिव आशु बाघ, महामंत्री मीना देवी, कोषाध्यक्ष आरती महानंद ने द्वारा आगे काम किया जाएगा।

## हेल्थ टिप्स

### तांबे के बर्तन में रखा पानी पीने से पहले जान लीजिए सही तरीका



हमारे भारतीय घरों में सेहतमंद रहने के लिए कई बातों को फॉलो किया जाता है। खान-पान से लेकर सोने-जागने के समय तक कई ऐसी बाते हैं, जिन्हें अगर आप सही तरीके से फॉलो करें, तो बीमारियां आपसे कोसो दूर रहेंगी। आपने घर में बुजुर्गों में खाली पेट गुनगुना पानी पीते, नीम की दातुन से दांत साफ करते, सुबह उठकर ध्यान करते और मौसम के हिसाब से खान-पान में बदलाव करते देखा होगा। असल में इन बातों में ही हेल्दी रहने का राज छिपा है। काफी घरों में लोग तांबे के बर्तन में रखकर पानी पीते हैं। बेशक तांबे के बर्तन में रखा पानी पीना सेहत के लिए फायदेमंद होता है। लेकिन, क्या आपको पता है कि तांबे के बर्तन में पानी कितनी देर रखना चाहिए और इसका सही तरीका क्या है? इस बारे में हैदराबाद के फिजिशियन डॉ. रंगा संतोष कुमार ने विस्तार से बताया।

### तांबे के बर्तन में रखा पानी सेहत के लिए फायदेमंद



एक्सपर्ट का कहना है कि तांबे के बर्तन में पानी रखकर पीना हमारी सेहत के लिए फायदेमंद होता है। लेकिन, इससे फायदा पाने के लिए आपको यह पता होना जरूरी है कि इसका सही तरीका क्या है। तांबे के बर्तन में पानी रखकर पीना भारतीय घरों में लंबे वक्त से किया जा रहा है। आपको पानी को तांबे के बर्तन में रूम टेम्परेचर पर 6-8 घंटे या रातभर रखना चाहिए। इससे कॉपर के एंटी-ऑक्सीडेंट, एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण पानी में मिल जाते हैं। एक्सपर्ट का कहना है कि इन गुणों के कारण, यह आपकी इम्यूनिटी, स्किन हेल्थ और डाइजेशन को सुधार सकता है। अगर आप जंग लगे तांबे के बर्तन का इस्तेमाल करेंगी या इसमें पानी को लंबे समय तक छोड़ देंगी, तो इससे तांबे की विषाक्तता हो सकती है। वहीं, अगर आप बहुत कम देर के लिए पानी में तांबे के बर्तन में रखेंगी, तो इससे शरीर को फायदा नहीं मिलेगा। अधिक देर तांबे के बर्तन में रखे पानी को पीने से मतली, पेट दर्द और गंभीर स्थितियों में किडनी या लिवर को नुकसान हो सकता है। गर्मी और एसिडिटी, तांबे के रिसाव को सही सीमा से ज्यादा बढ़ा सकती है। इसलिए हमेशा साफ और अच्छी तरह से रखे गए तांबे के बर्तन का इस्तेमाल करें। इसमें गर्म पानी या एसिड वाली कोई चीज न रखें। अगर आप तीन महीने तक लगातार तांबे के बर्तन में रखा पानी पी रही हैं, तो इसके बाद कुछ वक्त के लिए ब्रेक लें। दिन में 2-3 गिलास से ज्यादा कॉपर इंफ्यूज्ड वॉटरनहीं पीना चाहिए।

### क्या है कॉपर चार्ज्ड वॉटर



तांबे के बर्तन या बोतल में पानी भरकर उसे आठ घंटे के लिए छोड़ दें। सुबह इस पानी को पिएं। इस प्रक्रिया को ऑलिगोडायनेमिक इफेक्ट कहते हैं, जिसमें तांबे के गुण पानी में मिल जाते हैं। यही पानी ताम्र जल या कॉपर चार्ज्ड वॉटर कहलाता है। तांबा पानी में मौजूद कई प्रकार के बैक्टीरिया का ख़ात्मा कर उसका शुद्धीकरण करता है। पानी को बारह घंटे से ज़्यादा ना रखें। कितना पिएं आयुर्वेद के अनुसार, ताम्र जल सुबह ख़ाली पेट पीना चाहिए। एक दिन में दो गिलास ताम्र जल पीना पर्याप्त है। इस जल को पीने की शर्त है कि पेट ख़ाली होना चाहिए। लगातार पंद्रह दिन नियमित रूप से तांबे के बर्तन का पानी पीने के बाद दो-तीन दिन इससे ब्रेक लें। इस दौरान शरीर में अतिरिक्त तांबे की मात्रा व अन्य टॉक्सिन बाहर निकल आएंगे।

### ये सावधानियां ज़रूरी

तांबे की बोतल या बर्तन ख़रीदते समय ध्यान रखें कि ये सर्टिफिकेट के साथ लिए जाएं। ये पूरी तरह तांबे के ही होने चाहिए, किसी अन्य धातु के मिश्रण से बने हुए ना हों। नए बर्तन को नींबू के पानी से धोएं, फिर इस्तेमाल करें। बोतल या बर्तन को भरने से पहले उसे रोज़ अच्छी तरह साफ़ करें। पुराने पानी को ख़ाली करने के बाद नया पानी भरें। तांबे के बर्तन में रखा पानी या बोतल कभी रेफ्रिजरेटर में नहीं रखें। तांबे के बर्तन का पानी किसी अन्य धातु में ख़ाली न करें। उसे तांबे के बर्तन या बोतल से ही पिएं। कांच के गिलास में पी सकते हैं। यदि गरम या गुनगुना पानी पीने की आदत है तो तांबे के बर्तन को ही गैस पर चढ़ाएं। किसी अन्य धातु के बर्तन में पानी ख़ाली करके गरम न करें।

### क्यों है फ़ायदेमंद

तांबे में एंटी-ऑक्सीडेंट्स होते हैं जो कैंसर के कारक फ्री रेडिकल्स और उनके दुष्प्रभाव को कम करने में मददगार हैं। तांबे में मेलानिन मौजूद होता है, जो हमारी त्वचा को सूर्य विकिरणों से होने वाले नुक़सान से बचाता है।

### बारिश के दिनों में सेहत का रखें पूरा ख्याल

# मानसून में संक्रामक रोगों से बचे रहना है तो करें तगड़ा उपाय, तनाव-शुगर भी रहेगा आपके नियंत्रण में

मानसून के मौसम में कई प्रकार के वायरस और बैक्टीरिया के बढ़ने का खतरा रहता है जो गंभीर संक्रामक रोगों का कारण बन सकते हैं। इनसे बचे रहने के लिए कुछ जरूरी उपाय किए जा सकते हैं। मानसून के दिनों में सेहत को लेकर विशेष सावधानी बरतते रहने की आवश्यकता होती है। नमी वाले इस मौसम में कई प्रकार के वायरस और बैक्टीरिया के बढ़ने का खतरा रहता है जो गंभीर संक्रामक रोगों का कारण बन सकते हैं। यही कारण है कि इस मौसम में तुलसी का काढ़ा पीना स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है।तुलसी आयुर्वेदिक जड़ी-बूटी है, जिसे भारतीय पारंपरिक चिकित्सा में विशेष स्थान प्राप्त है। मानसून के दौरान संक्रमण और बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है और तुलसी का काढ़ा इनसे बचाव में सहायक हो सकती है। अध्ययनों में तुलसी की पत्तियों और इसके अर्क को सेहत के लिए बहुत लाभप्रद पाया गया है। इसमें विटामिन-ए और सी के साथ कैल्शियम, जिंक, आयरन पाया जाता है जिसकी हमारे शरीर को नियमित आवश्यकता होती है। आपको फ्लू जैसे संक्रामक रोगों से बचाने से लेकर इम्युनिटी बढ़ाने तक के लिए इसे फायदेमंद पाया गया है।



### कैसे बनाएं काढ़ा?



तुलसी का काढ़ा बनाना काफी आसान है। इसके लिए एक पैन में 2 कप पानी उबालें। इसमें तुलसी के पत्ते, अदरक, काली मिर्च, और लौंग डालें। इसे 10-15 मिनट तक धीमी आंच पर उबलने दें, जब तक कि पानी आधा न हो जाए। अब इसे छानकर कप में निकालें और स्वादानुसार शहद मिलाकर सेवन कर सकते हैं।

तुलसी का काढ़ा मानसून में रोजाना पीने से आप स्वस्थ और संक्रमण मुक्त रह सकते हैं। हालांकि, यदि आपको किसी विशेष प्रकार की स्वास्थ्य समस्या है या आप गर्भवती हैं, तो इसके सेवन करने से पहले किसी चिकित्सक से परामर्श करें।

### शुगर और हार्ट के रोगियों के लिए लाभकारी



शुगर-कोलेस्ट्रॉल दोनों ही समस्याएं तेजी से बढ़ती जा रही हैं। बढ़े हुए ब्लड शुगर का स्तर आंखों, तंत्रिकाओं से लेकर हृदय की समस्याओं को बढ़ाने वाला माना जाता है, वहीं हाई कोलेस्ट्रॉल के कारण हृदय रोग-हार्ट अटैक का जोखिम भी बढ़ जाता है, इसे कंट्रोल में रखना जरूरी है। तुलसी की पत्तियों का सेवन या इससे तैयार काढ़ा पीना इन दोनों स्वास्थ्य समस्याओं के खतरे को कम करने में मददगार है।

### दूर रहती है चिंता-तनाव

स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बताया दैनिक आहार में तुलसी को शामिल करके इससे लाभ प्राप्त किया जा सकता है। तुलसी की चाय, इसकी पत्तियों या अर्क का सेवन करके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य लाभ मिल सकता है। तुलसी का काढ़ा एक प्राकृतिक एडेप्टोजेन माना जाता है, जो शरीर को तनाव और चिंता से निपटने में मदद करती है। यह मानसिक शांति और संतुलन को बढ़ाने के लिए भी सहायक है। स्ट्रेस की समस्या से परेशान लोगों को भी काढ़ा पीने से लाभ मिल सकता है।

### इम्यून सिस्टम होता है मजबूत

तुलसी में एंटीऑक्सीडेंट और एंटीमाइक्रोबियल गुण होते हैं, जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाकर संक्रमणों से लड़ने में मदद करते हैं। तुलसी का काढ़ा श्वसन तंत्र को साफ करता है और बलगम को कम करने में मदद करता है। ऐसे में इसके सेवन से सर्दी, खांसी, और गले की खराश जैसी समस्याओं में राहत मिल सकती है।

## जीभ के रंग से पता लगा सकते हैं सेहत का हाल

हमारी जीभ सिर्फ स्वाद नहीं बताती, बल्कि हमारे सेहत का आईना भी है। स्वस्थ जीभ हल्की गुलाबी होती है, पर अगर इसका रंग असामान्य दिखे, तो यह किसी बीमारी का संकेत हो सकता है। आइए जानते हैं की जीभ का रंग बदलने पर किन बीमारियों का संकेत हो सकता है।

हमारे शरीर का हर अंग हमारी सेहत के बारे में कुछ न कुछ जरूर बताता है, और इनमें से एक है हमारी जीभ। यह सिर्फ स्वाद चखने तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारे समग्र स्वास्थ्य की स्थिति का एक अहम आईना होती है। आमतौर पर एक स्वस्थ जीभ हल्की गुलाबी, नम और उस पर एक हल्की सी सफेद परत होती है।



### सफेद जीभ और इसके कारण

सफेद जीभ या मोटी सफेद परत अक्सर खराब मौखिक स्वच्छता, फंगल इन्फेक्शन (जैसे ओरल थ्रश) या डिहाइड्रेशन का संकेत हो सकती है। कैंडिडा यीस्ट के कारण होने वाला ओरल थ्रश बच्चों और कमजोर इम्यूनिटी वाले लोगों में आम है। इसके अलावा, ल्यूकोप्लाकिया, एक ऐसी स्थिति जिसमें सफेद धब्बे बनते हैं, मुंह के कैंसर का प्रारंभिक संकेत हो सकती है। धूम्रपान और तंबाकू का उपयोग भी सफेद जीभ का कारण बनता है। नियमित ब्रशिंग और जीभ की सफाई इस समस्या को कम कर सकती है।

### लाल या चटक गुलाबी जीभ

असामान्य रूप से लाल या चटक गुलाबी जीभ विटामिन बी की कमी, विशेष रूप से बी12 या फोलिक एसिड, का संकेत हो सकती है। यह स्कार्लेट बुखार या कावासाकी रोग जैसी बीमारियों से भी जुड़ी हो सकती है। इसके अलावा, जीभ पर लाल धब्बे या चिकनी सतह (ग्लोसाइटिस) एलर्जी, संक्रमण या ऑटोइम्यून रोगों का लक्षण हो सकती है। ऐसी स्थिति में रक्त जांच और डॉक्टर से परामर्श जरूरी है।

### पीली जीभ

पीली जीभ अक्सर पाचन संबंधी समस्याओं, जैसे गैस्ट्राइटिस या लिवर की खराबी, का संकेत देती है। यह बैक्टीरियल ग्रोथ या खराब मौखिक स्वच्छता के कारण भी हो सकती है। कई बार जीभ का पीला होना जॉन्डिस या पीलिया बीमारी का लक्षण भी हो सकता है। ऐसी स्थिति में तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

### जीभ को स्वच्छ रखने के उपाय

जीभ के स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए नियमित मौखिक स्वच्छता जरूरी है। दिन में दो बार ब्रश करें और जीभ को टंग स्क्रेपर से साफ करें। पर्याप्त पानी पिएं, ताकि डिहाइड्रेशन से बचा जा सके। धूम्रपान, तंबाकू से परहेज करें। अपनी डाइट में संतुलित आहार शामिल करें। यदि जीभ का रंग या बनावट असामान्य हो और यह एक सप्ताह से अधिक समय तक रहे, तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

## किचन कैबिनेट्स साफ करते वक्त बरतें सावधानी, लकड़ी फूलकर नहीं होगी खराब



किचन कैबिनेट्स को साफ करना भी जरूर है, लेकिन लकड़े के कैबिनेट्स को आप किन चीजों से साफ कर रही हैं, यह जानना जरूरी हैं। कुछ चीजें लकड़ी को खराब कर सकती हैं। आइए आपको इस लेख में बताएं कि किन चीजों से किचन कैबिनेट्स को साफ नहीं करना चाहिए।

### पानी से सफाई करने से हो सकता है नुकसान

लकड़ी नमी से बहुत जल्दी खराब हो जाती है। अगर कैबिनेट्स पर बहुत ज्यादा पानी का इस्तेमाल किया जाए या उन्हें बहुत देर तक गीला छोड़ दिया जाए, तो लकड़ी फूल सकती है। उसमें दरारें पड़ सकती हैं और उसका फिनिश खराब हो सकता है। पानी लकड़ी के अंदर घुसकर उसे सड़ा भी सकता है। इसके बजाय, एक नम कपड़े का उपयोग करें और फिर तुरंत सूखे कपड़े से साफ करें।

### अब्रेसिव क्लीनर और स्क्रबिंग पैड का इस्तेमाल न करें

स्टील वूल, खुरदुरे स्पंज या किसी भी प्रकार के अब्रेसिव क्लीनर का उपयोग लकड़ी के कैबिनेट्स पर नहीं करना चाहिए। ये लकड़ी की सतह को खरोंच सकते हैं, जिससे उसकी चमक खत्म हो सकती है और उस पर स्थायी निशान पड़ सकते हैं। हमेशा नरम माइक्रोफाइबर कपड़े का उपयोग करें। अमोनिया-बेस्ड क्लीनर का इस्तेमाल न करें।खिड़की साफ करने वाले क्लीनर या अन्य अमोनिया-युक्त उत्पाद लकड़ी के फिनिश को नुकसान पहुंचा सकते हैं। अमोनिया लकड़ी के रंग को फीका कर सकता है और उसकी प्रोटेक्टिव लेयर को तोड़ सकता है, जिससे लकड़ी खराब होने लगती है। इसके अलावा आपको एसिडिक क्लीनर भी इस्तेमाल नहीं करन चाहिए।



## आपकी इन आदतों की वजह से शरीर में जमने लगता है फैट

वजन बढ़ना आज के समय में बेहद आम समस्या है। हमारे देश में इस समस्या से करोड़ों लोग ग्रसित हैं। इसके पीछे कई कारण हैं, इन्हीं में से एक कारण हमारी दिनचर्या की कुछ गलत आदतें हैं भी हैं, जिसके बारे में आपको जानना चाहिए।

आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में वजन बढ़ना एक बेहद आम समस्या है, एक रिपोर्ट के मुताबिक हमारे देश में लगभग 10 करोड़ से अधिक लोग इस समस्या से परेशान हैं। मोटापा सिर्फ एक शारीरिक समस्या नहीं, बल्कि एक वैश्विक महामारी बन चुका है। यह धीरे-धीरे हमारे शरीर में घर करता है और अपने साथ डायबिटीज, हृदय रोग और उच्च रक्तचाप जैसी कई गंभीर बीमारियों का खतरा भी बढ़ा देता है। अक्सर हम मोटापे को सिर्फ खाने-पीने से जोड़ते हैं, लेकिन इसके पीछे हमारे दिनचर्या की कुछ गलत आदतें भी होती हैं, जिसके बारे में आपको भी जानना चाहिए। विशेषज्ञों का मानना है कि हमारा बढ़ता तनाव, कम शारीरिक गतिविधि (गतिहीन जीवनशैली) और अनियमित खानपान, ये सब मिलकर शरीर में अतिरिक्त चर्बी जमा होने को बढ़ावा देते हैं। अच्छी बात यह है कि सही आदतों को अपनाकर इसे नियंत्रित भी किया जा सकता है। आइए इस लेख में हम उन आदतों के बारे में जानते हैं, जिन्हें



अपनाकर आप इन आदतों को सुधारकर एक स्वस्थ जीवन व्यतीत कर सकते हैं। हमारी रोजमर्रा की कुछ आदतें जाने-अनजाने में मोटापे का कारण बनती हैं। इन्हें पहचानकर सुधारना जरूरी है-

### खानपान की कुछ आदतें

ज्यादा नमक, चीनी और सैचुरेटेड फैट (मक्खन, घी, पनीर) वाले खाना, जैसे फास्ट फूड, प्रोसेस्ड स्नैक्स और कोल्ड ड्रिंक तेजी से कैलोरी बढ़ाते हैं, जिससे वजन बढ़ता है।

### अनियमित नींद

हर दिन सोने और जागने का समय बदलना या पर्याप्त नींद न लेना शरीर में कोर्टिसोल हार्मोन बढ़ाता है। यह हार्मोन शरीर में चर्बी जमा करने में अहम भूमिका निभाता है।

### कम शारीरिक गतिविधि

दिनभर बैठे रहना या गतिहीन जीवनशैली मोटापे का एक बड़ा कारण है, क्योंकि इससे कैलोरी बर्न नहीं होती और फैट इकट्ठा होता है।

### मानसिक तनाव

मानसिक तनाव शरीर में कोर्टिसोल हार्मोन बढ़ाता है, जिससे भूख लगती है और मीठा खाने की इच्छा होती है, ये दोनों ही आदतें शरीर में फैट जमा होने में अहम भूमिका निभाती हैं। तनाव प्रबंधन मोटापे से निपटने के लिए बेहद जरूरी है।

### पानी कम पीना

शरीर में पानी की कमी भी मेटाबॉलिज्म को धीमा कर सकती है जिससे वजन तेजी से बढ़ने लगता है।



## कार्नर न्यूज

### फिटनेस किट के साथ जिम जाना समझदारी

बॉडी को हेल्दी रखने के लिए अच्छा और हेल्दी खाने के साथ एक्सरसाइज भी काफी जरूरी है। इसके लिए लोग कई तरह की फिजिकल एक्टिविटी करके खुद को फिट रखने की कोशिश करते हैं। इन सभी फिजिकल एक्टिविटी से फिट रहने, वेट लॉस और मसल्स में काफी मदद मिलती है। अधिकतर लोग जिम तो जाने लगे हैं, लेकिन बिना तैयारी के। यानी, जिम जाने के लिए जो किट या बैग लेकर जाते हैं, हो सकता है, आप उसमें वो चीजें या एसेसरीज न ले जाते हों, जिनकी आपको जरूरत पड़ सकती है। जिस तरह घर में र्कआउट/एक्सरसाइज करने के लिए फिटनेस एक्युपमेंट्स खरीदते हैं या फैमिली के साथ एक्सरसाइज करने के लिए होम वर्कआउट के लिए इक्युपमेंट खरीदते हैं, उसी तरह फिटनेस किट के लिए भी कुछ सामान खरीदना चाहिए।

# जिम जा रहे हैं तो अपने साथ रखें कुछ जरूरी एसेसरीज



जिम बैग या फिटनेस किट में कुछ चीजें होना काफी जरूरी होता है, जो कि वर्कआउट के पहले, दौरान और बाद के एक्सपीरियंस को और भी बेहतर बना सकती हैं। इसलिए इस आर्टिकल में हम आपको बताएंगे कि फिटनेस किट में कौन सी चीजें रखना बेहतर हो सकता है।

### फैट ग्रिप्ज

बार्बेल पर अच्छी पकड़ बनाने के लिए फैट ग्रिप्ज या ओवरसाइज्ड ग्रिप का होना काफी जरूरी है। इसका कारण है एक्सपर्ट के मुताबिक, मोटी ग्रिप से एक्सरसाइज करने से रिजल्ट जल्दी मिलता है। अगर आप आर्म की एक्सरसाइज कर रहे हैं तो हमेशा मोटे बार्बेल से ही करें। अगर मोटी बार्बेल या रॉड नहीं है, तो उस समय यह फैट ग्रिप्ज आपके काम आएंगी। यह ग्रिप पावर में सुधार करते हैं और अधिक मसल्स को एक्टिवेट करती हैं।

### हैंड सैनिटाइजर

जिम को काफी लोग पसंद तो करते हैं लेकिन, यह काफी कीटाणु वाली जगह होती है। इसका कारण है कि जिम में कई तरह के लोग आते हैं, जिनमें से कुछ लोग हाइजीन मेंटेन करते हैं और कुछ नहीं। जिम की मशीनों को हर कोई निश्चित ग्रिप वाली जगह से ही पकड़ता है, जिससे संक्रमण, वायरस की चपेट में आने के चांसेज बढ़ जाते हैं। यदि आप अपने स्थानीय जिम में कीटाणुओं को देख सकते, तो आप शायद वर्कआउट करने के लिए जिम भी नहीं जाते। वहीं कोरोना काल में वायरस का संक्रमण अधिक बढ़ गया है, इसलिए फिटनेस किट में हैंड सैनिटाइजर रखना काफी जरूरी होगा। समय-समय पर उससे हाथों को सैनिटाइज करते रहें।

### मॉइश्चराइजर

वर्कआउट करने से त्वचा में काफी निखार आता है, इसलिए जब अपना वर्कआउट खत्म करते हैं तो त्वचा को अच्छे मॉइश्चराइजर से पोषण देने की आवश्यकता होती है। शरीर और चेहरे के मॉइश्चराइजर के साथ-साथ हम लिप बाम भी लगाने की सलाह देते हैं। यदि आप कर सकते हैं, तो ऐसे प्रोडक्ट्स का उपयोग करने का प्रयास करें जिनमें प्राकृतिक तत्व हों, जैसे कि मिलने वाले ऑर्गेनिक प्रोडक्ट। यदि जिम में एक्सरसाइज के बाद बाल धोते हैं तो आपको रीहाइड्रेटिंग शैंपू और कंडीशनर का भी उपयोग करने का प्रयास करना चाहिए।

### मिनी लूप्ड रेजिस्टेंस बैंड


रेजिस्टेंस बैंड, फिटनेस किट में जरूर शामिल होना चाहिए। इसका कारण है कि यह बिल्कुल जगह नहीं घेरते हैं और मसल्स को एक्टिवेट करने में यह काफी मदद करते हैं। कोई भी अपनी होल बॉडी को रेजिस्टेंस बैंड से टारगेट कर सकता है और मशीनी इक्युपमेंट से मसल्स पर टेंशन क्रिएट कर सकता है। इसलिए ऐसे रेजिस्टेंस बैंड खरीदें जिसमें अलग-अलग थिकनेस के बैंड हों। जिनका उपयोग अलग-अलग वेट के मुताबिक कर सकें।

### मिनी फोम रोलर

अक्सर लोग फोम रोलर का उपयोग करना भूल जाते हैं। फोम रोलिंग रिकवरी और मोबिलिटी बढ़ाने का सबसे अच्छा उपाय होता है। इसलिए एक मिनी फोम रोलर को फिटनेस किट में जरूर शामिल करें। कई जिम में फोम रोलर नहीं होता है, उस समय यह रोलर मदद करता है। इससे इंजुरी के चांसेज कम हो जाते हैं। वर्कआउट के पहले और बाद में फोम रोलिंग करनी चाहिए।

### योग मैट

जिम में कॉमन योग मैट इस्तेमाल करने से बचें। अपने साथ जिम में एब्स एक्सरसाइज करने या योग करने के लिए योग मैट लेकर जाएं।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## नहीं रहीं 'स्टूपिड क्यूपिड' फेम फ्रांसिस खामोश हुई अमेरिकी संगीत की आवाज

अमेरिकी संगीत जगत की एक चमकती हुई आवाज हमेशा के लिए खामोश हो गई है। 'स्टूपिड क्यूपिड', 'प्रिटी लिटिल बेबी' और 'हूज सॉरी नाउ?' जैसे हिट गानों से करोड़ों दिलों पर राज करने वाली मशहूर गायिका कोनी फ्रांसिस का 87 साल की उम्र में निधन हो गया है।



उनके निधन की पुष्टि उनके करीबी मित्र रॉन रॉबर्ट्स ने की। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट के जरिए इस दुखद खबर को शेयर किया। रॉन ने लिखा, 'भारी मन और गहरे दुख के साथ मैं आपको सूचित करता हूं कि मेरी प्रिय मित्र कॉनी फ्रांसिस अब हमारे बीच नहीं रहीं।' हालांकि उनकी मृत्यु का कारण अब तक साफ नहीं किया गया है, लेकिन ये खबर उनके लाखों प्रशंसकों और संगीत प्रेमियों के लिए बड़ा झटका है।कोनी फ्रांसिस का सिंगिंग करियर 1957 से 1964 तक अपने सुनहरे दौर में था। उस समय जब रॉक एन रोल म्यूजिक का क्रेज तेजी से बढ़ रहा था, तब कोनी ने अपनी मधुर और दिल को छू लेने वाली आवाज से फैंस के दिलों में खास जगह बना ली। वो उस समय की पहली सफल महिला गायिकाओं में से एक थीं, जिनके गाने लगातार टॉप म्यूजिक चार्ट्स में बने रहते थे। उनके करियर की शुरुआत 'हूज सॉरी नाउ?' जैसे सुपरहिट गाने से हुई, जो रातोंरात वायरल हो गया था। इसके बाद 'द हार्ट हेज ए माइंड ऑफ इट्स ओन' और 'डोन्ट ब्रेक द हार्ट डेट लव्स यू' जैसे गानों ने उनकी पहचान को और मजबूत किया। उनकी गायकी की खासियत थी उसमें छुपे इमोशन्स और दर्द, जो हर पीढ़ी के दर्शकों को आकर्षित करती रही।

### टॉलीवुड

## 'कुली' की स्टोरी हुई लीक, रजनीकांत फिल्म में निभाएंगे दमदार किरदार

जल्द ही साउथ सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म 'कुली' रिलीज होगी। फिल्म के मेकर्स इसकी कहानी और किरदार से जुड़ी कोई बात करने को तैयार नहीं हैं। मगर अब इस फिल्म की कहानी लीक हो चुकी है। निर्देशक लोकेश कनगराज की फिल्म 'कुली' के अब तक जो लुक सामने आए हैं, उनमें रजनीकांत के किरदार के बारे में ज्यादा जानकारी हासिल नहीं होती है। लेकिन हाल ही में इस फिल्म की कहानी और रजनीकांत के किरदार से जुड़ी डिटेल्स लीक हुईं। लेटरबॉक्स्ड, फैंडेंगो नाम के कुछ प्लेटफॉर्म पर 'कुली'की स्टोरी लाइन का जिक्र है। लेटरबॉक्स्ड (फिल्म रेटिंग प्लेटफॉर्म) नाम के एक प्लेटफॉर्म के अनुसार फिल्म 'कुली' में रजनीकांत के किरदार का नाम देवा है। वह एक स्मगलर का रोल निभा रहे हैं, जो सोने की घड़ियों की तस्करी करता है। देवा अपने गैंग को फिर से एक करना चाहता है। फिल्म के प्रमोशन मटीरियल में भी सोने की घड़ी और सोने का इस्तेमाल दिखाया गया है।



एक अन्य प्लेटफॉर्म फैंडेंगो (अमेरिकी टिकटिंग प्लेटफॉर्म) में 'कुली' की कहानी की ज्यादा डिटेल दी गई है। फैंडेंगो के अनुसार देवा अपनी अतीत की गलतियों को सुधारने की कोशिश करेगा। जवानी में जहां वह बदला लेने पर जोर देता है, वहीं उम्रदराज होने पर अपनी गलतियों को सुधारने के लिए मोटिवेट होता है। देवा की जर्नी फिल्म में काफी उथल-पुथल से भरी होगी। इस फिल्म में एक्शन भी काफी देखने को मिलेगा। इस फिल्म की कहानी को जानकर रजनीकांत के फैंस काफी खुश हैं।

फिल्म 'कुली' में रजनीकांत जहां लीड रोल कर रहे हैं, वहीं इस फिल्म में आमिर खान भी एक कैमियो कर रहे हैं। हाल ही में फिल्म के मेकर्स ने आमिर खान का लुक भी रिवील किया है। वह फिल्म में दाहा नाम का एक किरदार निभाएंगे।

### भोजपुरी

## शूटिंग भूल पेड़ से जामुन तोड़कर खाने लगीं रानी, बोलीं- गांव का असली मजा

भोजपुरी अभिनत्री रानी चटर्जी के पास कई फिल्मे हैं। वे लगातार शूटिंग में व्यस्त हैं। फिल्म की शूटिंग के दौरान वे मस्ती का कोई मौका नहीं छोड़तीं। हाल ही में वे पेड़ से जामुन तोड़कर खाती दिखीं।



भोजपुरी अदाकारा रानी चटर्जी इन दिनों फिल्म 'परिणय सूत्र' की शूटिंग में बिजी हैं। फिल्म को किसी गांव में फिल्माया जा रहा है। यहां शूटिंग से फुरसत के पल निकालकर अभिनेत्री पेड़ से तोड़कर जामुन खाती नजर आईं। फिल्म के बाकी कलाकार भी साथ में दिखाई दिए। रानी ने मजेदार वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर किया है।

रानी चटर्जी ने आज बुधवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक वीडियो शेयर किया है। इसमें वे 'परिणय सूत्र' की शूटिंग के दौरान कुछ फुरसत के पल निकाल जामुन खाती दिख रही हैं। जामुन उन्होंने पेड़ से तोड़े हैं और पेड़ से इस तरह जामुन तोड़कर खाने का रानी का यह पहला अनुभव है। वीडियो में वे कह रही हैं, 'आज पहली बार पेड़ से जामुन तोड़कर खा रही हूं। गांव का असली मजा ले रही हूं'। फिल्म के लीड एक्टर कह रहे हैं, 'हमारे साथ आपको ऐसे ही नए-नए अनुभव मिलेंगे। जामुन, आम सबकुछ आप अपने हाथ से तोड़िए और खाइए'। रानी चटर्जी आगे कहती हैं, 'सीरियसली मैं बहुत एंजॉय कर रही हूं'। रानी ने वीडियो के साथ कैप्शन लिखा है, 'मैं और मेरे दोनों हीरो जामुन तोड़ कर खा रहे है'।

## लाइफ स्टाइल

### सिंड्रेला की अदा



विक्टर एंड रॉल्फ के एसएस-25 कॉउचर शो में आधुनिक सिंड्रेला जैसी पोशाकें प्रदर्शित की गईं, जिन्हें भारी ट्यूल स्कर्टों पर बेतरतीब आकार के पैचवर्क के टुकड़ों से सजाया गया था। इस नई ड्रेस की दर्शकों ने भरपूर सराहना की। मॉडल सिट्स लुई ने इस ड्रेस पर अपनी अदाएं दिखाई।

## हरियाली तीज के दिन घर पर करें फेशियल, खिल उठेगा चेहरा

हरियाली तीज के त्यौहार का इंतेज़ार विवाहित महिलाएं सालभर करती हैं। इस दिन महिलाएं खूब सज संवर के भोलेनाथ और माता पार्वती की पूजा करती हैं। ये पूजा सुहागिन महिलाओं के लिए बेहद खास होती है, इसलिए इसके लिए महिलाएं 16 श्रृंगार करके तैयार होती हैं। इस दिन सबसे खूबसूरत दिखने के लिए महिलाएं कई कई दिन पहले फेशियल भी कराती हैं। अगर आपके पास पार्लर जाने का समय नहीं है तो घर पर ही आप फेशियल करके ग्लोइंग त्वचा पा सकती हैं। यहां हम आपको घर पर ही फेशियल करने का सबसे आसान तरीका बताने जा रहे हैं।



### क्लींजिंग

फेशियल के लिए सबसे पहले त्वचा को साफ करें। क्लींजिंग के लिए कच्चा दूध या गुलाबजल का उपयोग कर सकती हैं। कॉटन में दूध या गुलाबजल लेकर चेहरे को अच्छे से साफ करें। इससे चेहरे पर जमी गंदगी निकल जाएगी और त्वचा ताजा महसूस करेगी।

### स्टीमिंग

स्टीमिंग के लिए सबसे पहले एक बर्तन में गर्म पानी लें और उसमें कुछ बूंदें एसेंशियल ऑयल की डाल सकते हैं। अब तौलिए से सिर को ढककर चेहरे को भाप दें।

### स्क्रब

स्क्रब करने के लिए 1 बड़ा चम्मच चीनी, 1 छोटा चम्मच शहद लें और इसे मिलाकर चेहरे पर हल्के हाथों से रगड़ें। इससे मृत त्वचा निकल जाती है और त्वचा में चमक आती है।

### मसाज

फेशियल के चौथे स्टेप में मसाज करें। इसके लिए नारियल तेल लें और इससे पूरे चेहरे पर सर्कुलर मोशन में मसाज करें। ऐसा करने से रक्त संचार बढ़ता है और त्वचा मुलायम बनती है।

### फेस पैक

मसाज के बाद घर पर ही अपनी स्किन टाइन के हिसाब से फेस मास्क तैयार करें। आप दो बड़े चम्मच बेसन में एक चुटकी हल्दी, एक चम्मच दही मिलाकर चेहरे पर लगा सकती हैं। इसे 15-20 मिनट तक सूखने दें और फिर ठंडे पानी से धो लें।

### टोनर

टोनर के लिए गुलाब जल बेस्ट विकल्प है। चेहरे पर लगे फेस मास्क को धोने के बाद चेहरे पर गुलाबजल का स्प्रे करें।

## सावन में दुपट्टे वाली गाउन ड्रेसेस को स्टाइल कर पाएं मॉडर्न लुक



सावन के मौके पर ट्रेडिशनल लुक के साथ मॉडर्न ट्विस्ट पाने के लिए आप इस तरह की दुपट्टे वाली गाउन ड्रेस पहन सकती हैं। इस ड्रेस में आपका लुक बेहद ही खूबसूरत और अलग नजर आएगा।



सावन का महीना चल रहा है और इस खास मौके पर महिलाएं ट्रेडिशनल लुक में नजर आती हैं। इस सावन में कई महिलाएं ट्रेडिशनल लुक पाने के लिए साड़ी या सूट पहनती हैं। लेकिन, अगर आप अपने ट्रेडिशनल लुक को मॉडर्न टच देना चाहती हैं, तो आप दुपट्टे वाली गाउन ड्रेस स्टाइल कर सकती हैं। यह ड्रेस आपके स्टाइल में नया ट्विस्ट लाने का काम करेगा, साथ ही, इसे पहनने के दौरान आप कंफर्टेबल भी रहेंगी। हम आपको कुछ दुपट्टे वाली गाउन ड्रेसेस दिखा रहे हैं। इस तरह की ड्रेस में आपका लुक सुंदर लगेगा, साथ ही, आप भीड़ से भी अलग नजर आएंगी।



### एम्बेलिश्ड वर्क गाउन ड्रेस

अगर आप शादी के बाद पहली बार सावन का त्योहार सेलिब्रेट कर रही हैं और भीड़ से अलग नजर आना चाहती हैं, साथ ही ब्यूटीफुल लुक चाहती हैं, तो आप इस तरह की एम्बेलिश्ड वर्क गाउन ड्रेस का चुनाव कर सकती हैं। यह ड्रेस न्यू लुक पाने के लिए बेस्ट है, और इस गाउन ड्रेस के साथ जो दुपट्टा है, वह आपके लुक को स्टाइलिश बनाएगा। इस तरह की ड्रेस के साथ अपने लुक को कंप्लीट करने के लिए आप पर्ल वर्क इयररिंग्स पहन सकती हैं, जो आपके लुक को न्यू टच देंगे।

### प्रिंटेड दुपट्टा गाउन

अगर आप सावन के मौके पर ग्रीन कलर का आउटफिट नहीं पहनना चाहती हैं, तो आप प्रिंटेड में इस तरह का गाउन स्टाइल कर सकती हैं। यह गाउन सिंपल फैब्रिक में है, लेकिन इस गाउन के साथ जो दुपट्टा है, वह बेहद ही खूबसूरत प्रिंट में है। यह आउटफिट आपके लुक को न्यू टच देने का काम करेगा और इसे स्टाइल करने के बाद आपका लुक सुंदर लगेगा। इस आउटफिट के साथ आप झुमके पहन सकती हैं, जो आपके लुक में चार-चांद लगा देंगे।

## गोल्ड हूप्स इयररिंग्स से बढ़ाएं अपनी खूबसूरती

सिंपल लुक को अट्रैक्टिव बनाने के लिए आप गोल्ड हूप्स इयररिंग्स को वियर कर सकती हैं। इस तरह के इयररिंग्स पहनने के बाद अच्छे लगते हैं। आइए इसके कुछ नए डिजाइंस देखते हैं। जब भी लुक को क्रिएटिव बनाने की बात आती है, तो ऐसे में अक्सर हम कुछ ऐसे डिजाइन की ज्वेलरी को पहनना पसंद करते हैं। जिसे वियर करके हम सुंदर नजर आएं। ऐसे में आप भी अपने सिंपल लुक को अट्रैक्टिव बनाने के लिए गोल्ड हूप्स इयररिंग्स को वियर कर सकती हैं।



### ट्रिपल सर्कल

आप अपने आउटफिट के साथ पहनने के लिए इन ट्रिपल सर्कल डिजाइन वाले गोल्ड हूप्स इयररिंग्स को वियर कर सकती हैं। इस तरह के इयररिंग्स पहनने के बाद अच्छे लगेंगे। साथ ही, इसके बाद आपका लुक और भी ज्यादा अट्रैक्टिव नजर आएगा। इस तरह के इयररिंग्स को पहनने से आप लुक में कुछ नया ऐड कर पाएंगी। आप इस तरह के इयररिंग्स को बाजार से खरीदकर स्टाइल कर सकती हैं।

### हाफ हूप्स

अगर आप वेस्टर्न आउटफिट को स्टाइल करने के बारे में सोच रही हैं, तो ऐसे में आप हाफ हूप्स गोल्ड इयररिंग्स को वियर कर सकती हैं। इस तरह के इयररिंग्स पहनने के बाद अच्छे लगेंगे। बस आपको इसमें फोटो में नजर आने वाले डिजाइन को खरीदकर वियर करना है। इसे पहनने के बाद हर कोई इयररिंग्स के बारे में पूछेगा। ऐसे में आप भी ऐसे ही इयररिंग्स को खरीदकर पहन सकती हैं।

### ट्विस्टेड डिजाइन

सुंदर आप तभी नजर आएंगी। जब आप ट्विस्टेड डिजाइन वाले गोल्ड हूप्स इयररिंग्स को वियर करेंगी। इस तरह के इयररिंग्स में आपको अलग तरह का डिजाइन मिलेगा। इसके साथ आपको इसमें लाइनिंग पैटर्न भी मिलेगा। इससे यह इयररिंग्स आप किसी भी आउटफिट के साथ वियर कर सकती हैं। इसे पहनने के बाद आपके कान अच्छे लगेंगे। इसे आप थोड़े बड़े डिजाइन में खरीदें। इससे आपका लुक अच्छा लगेगा।

## सावन में सजाएं अपने पैरों को आलता के साथ

सावन में महिलाओं को अच्छे से तैयार होकर रहना काफी पसंद होता है। ऐसा इसलिए क्योंकि यह त्योहारों का महीना कहा जाता है। इस महीने को खास बनाने के लिए आप पैरों में आलता भी लगा सकती हैं।



### पैरों की बढ़ाएं रौनक

आप भी सावन के महीने में आलता लगाकर अपने पैरों की रौनक को दोगुना कर सकती हैं। इससे पैर भी सुंदर नजर आएंगे। साथ ही, आपको अलग-अलग तरह के डिजाइन पता चल जाएंगे। जिसे लगाने के बाद आपके पैर सुंदर लगेंगे।

### गोल टिक्की डिजाइन

आप पैरों में सिंपल लेकिन सबसे ज्यादा लगाने वाले आलता डिजाइन गोल टिक्की (Gol Tikki Alta Design) को लगा सकती हैं। इस तरह के आलता डिजाइन लगने के बाद अच्छे लगेंगे। इसमें आपको अपने पैरों में आलता लगाना है। इसके बाद ऊपर की तरफ गोल टिक्की का डिजाइन क्रिएट करा सकती हैं। इससे आपके पैर सुंदर नजर आएंगे।

### फ्लावर डिजाइन

सावन में पैरों की रौनक को दोगुना करने के लिए आप फ्लावर डिजाइन वाले आलता को लगा सकती हैं। इस तरह के आलता डिजाइंस आसानी से बन जाते हैं। आपको अपनी एडी और पंजे के पास आलता डिजाइन लगाना है। इसके बाद बीच के हिस्से में आपको सिंपल डिजाइन वाला फ्लावर क्रिएट करना है। इससे आपके पैर सुंदर नजर आएंगे।

### उंगलियों पर लगाएं

अगर आपको पूरे पूर पर आलता नहीं लगाना है, तो ऐसे में आप उंगलियों पर आलता लगाकर इसे भर सकते हैं। इस तरह से आलता लगाने से आपके पैरों की रौनक दोगुनी हो जाएगी। साथ ही, आपके पैर अच्छे नजर आएंगे। इसके पीछे आप मेहंदी से डिजाइन बना सकती हैं। आलता के खास डिजाइन आपके पैरों की शोभा बढ़ा देंगे।

### कार्नर न्यूज

### लाइफ स्टाइल से जुड़ी आदतें असर करती हैं हमारी त्वचा पर

## लंबे समय तक चाहिए ग्लोइंग स्किन तो 30 के बाद छोड़ दें कुछ आदतें, मिल जाएगा हमेशा जवां दिखने का नुस्खा

हर पुरुष की ख्वाहिश होती है उसकी स्किन एवरग्रीन और एवरग्लोइंग रहे। लेकिन यह मुश्किल जरूर है नामुमकिन नहीं। पुरुषों का सबसे हसीन दौर 20's का होता है। ये सिर्फ स्किन नहीं बल्कि उनकी जिंदगी का भी हसीन दौर होता है। इस वक्त न तो भविष्य को लेकर ज्यादा चिंता होती है और न ही स्किन की। इस समय अपकी स्किन नैचुरली ही ग्लो करती है। लेकिन जैसे-जैसे आप 30 की उम्र पर पहुंचते हैं। जिंदगी के साथ आपकी स्किन की भी परीक्षा शुरू हो जाती है। 30 की उम्र शुरू होते ही या पार करते ही न केवल स्किन में महीन रेखाएं उभरने लगती हैं बल्कि धीरे-धीरे ग्लो भी कम होने लगता है। समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो आने वाले समय में आपकी स्किन और खराब हो सकती है। स्किन केयर तो आप करते हैं, लेकिन यह उतनी प्रभावी नहीं जितनी होनी चाहिए। केयरिंग के साथ ही आपको अपनी कुछ बुरी आतदों को भी छोड़ना होगा। आइए जानते हैं कौन सी हैं वो आदतें, जिन्हें छोड़ने पर आपकी स्किन लंबी उम्र तक जवां रह सकती है।



### 30 के बाद छोड़ दें ये आदतें

अच्छी चीजों और आदतों को बनाए रखने के लिए कड़े कदम उठाने पड़ते हैं। अगर आपकी भी हेल्दी और फ्रेश स्किन की ख्वाहिश है तो फिर कुछ कड़े कदम उठाइए। स्किन केयर भी कारगर है लेकिन उससे ज्यादा जरूरी है कुछ आदतों में बदलाव। आइए जानते हैं उन आदतों के बारे में जिन्हें बदलने का समय आ चुका हैं।

### पुराने स्किन केयर प्रोडक्ट को यूज न करें

हम इंडियन बड़ी ही किफायती होते हैं। हर चीज को पूरा यूज करना चाहते हैं। लेकिन यही आदत स्किन के लिए बड़ी भूल बन सकती है। किफायत के चक्कर में अगर आप पुराने या एक्सपायर स्किन केयर प्रोडक्ट्स को चुन रहे हैं तो अपनी इस आदत को बदल दें।

एक्सपायर स्किन केयर प्रोडक्ट्स यूज करने से स्किन पर तमाम तरह के साइड इफेक्ट्स हो सकते हैं। पिंपल्स, स्किन पैच, स्किन इरीटेशन जैसी समस्याओं का आपको सामना करना पड़ सकता है।

### स्किन केयर प्रोडक्ट

स्किन केयर प्रोडक्ट की लंबी रेंज मार्केट में अविलेबल है। ये प्रोडक्ट स्किन टाइप, उम्र और स्किन कंडीशन पर आधारित होते हैं। कारण ही हर किसी की त्वचा अलग किस्म की होती है, उसी के अनुसार उसे केयर की जरूरत होती है। उम्र के हर पड़ाव में आपको अलग-अलग स्किन केयर की जरूरत होती है। यही कारण है जो प्रोडक्ट आप 20's में यूज करते थे, वो 30 या इसके बाद नहीं कर सकते।30 के बाद स्किन की डिमांड चेंज हो जाती है। इसे अवाइड करना सही नहीं। इसलिए उम्र के हिसाब से ही प्रोडक्ट का चुनाव करें।

### एस्ट्रीजेंट 'नो' और टोनर 'यस'

कम उम्र में आप यह नहीं जान पाते कि आपके लिए एस्ट्रीजेंट जरूरी है या टोरन। लेकिन यह ध्यान रखें कि 30 के बाद टोनर आपके लिए स्किन टॉनिक है। अगर आप एस्ट्रीजेंट यूज करते हैं तो उसकी जगह टोनर का इस्तेमाल शुरू कीजिए। एस्ट्रीजेंट की बजाय टोनर स्किन के लिए ज्यादा फायदेमंद है। टोनर स्किन की गंदगी और चिपचिपे तेल को साफ करके आपको देता है बेदाग त्वचा। टोनर सिलेक्शन करते समय यह ध्यान रखें कि एल्कोहल और केमिकल यूक्त टोनर यूज न करें।

### रूटीन को बदलें



30 के बाद स्किन केयर के साथ रूटीन भी बदलने की जरूरत है। लेट नाइट पार्टी, स्ट्रीट फूड या फिजीकल एक्टिविटी पर फिर से सोचें।